आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 339 -● जबलपुर ● गुरुवार, 12 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष 6 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



स्वामी विवेकानंद जयंती

## आप को 10 दिन में 164 करोड़ चुकाने का नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सूचना एवं प्रचार निदेशालय ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कुल 163.62 करोड़ रुपए की वसूली का नोटिस जारी किया है। यह पैसा उन्हें 10 दिन के अंदर जमा करना होगा।यह एक्शन दिल्ली एलजी वीके सक्सेना के उस निर्देश पर लिया गया, जिसमें उन्होंने मुख्य सचिव को 2015-2016 के दौरान राजनीतिक विज्ञापन को सरकारी बताकर पैसे के गलत इस्तेमाल के आरोप पर आम आदमी पार्टी से 97 करोड़ रुपए वसूलने का निर्देश दिया था।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मध्य प्रदेश में सामूहिक सूर्य नमस्कार

## स्वस्थ शरीर के लिए योग जरूरी:मुख्यमंत्री






**भोपाल,यशभारत।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस (युवा दिवस) पर गुरुवार को प्रदेश के सभी स्कूल-कालेज, छात्रावास, आश्रम सहित अन्य शैक्षणिक संस्थाओं, पंचायतों में सुबह नौ से 10-30 बजे तक सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर स्वामी विवेकानंद पर केंद्रित प्रेरणादायी शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए प्रदेश का मुख्य कार्यक्रम इंदौर में हुआ जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। राष्ट्रीय युवा दिवस पर आरएपीटीसी मैदान महेश गार्ड लाइन में सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में बच्चों से बात करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद आदर्श हैं। जीवन में आगे बढ़ने के लिए स्वामी विवेकानंद को जरूर पढ़ना चाहिए। मैं पढ़ता हूं, इससे मुझे रोजाना नए काम करने की प्रेरणा मिलती है। इंदौर में सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में चार हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल हुए। इसके अलावा विभिन्न संस्थानों और संगठनों में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन देशभर में सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि तुम कौन हो - तुम साढ़े तीन हाथ के हाड़-मांस के पुतले नहीं हो, ईश्वर का अंश हो, अनंत शक्तियों के भंडार हो। तुम वह हो जो हर काम कर सकते हो। हम बड़े से बड़ा काम करने की क्षमता है। सामान्य जीवन नहीं जीयेंगे हम बड़ा काम करना पड़ेगा। इसके लिए शरीर को स्वस्थ रखना होगा। योग करना चाहिए। दुनिया भी अब कर रही है। योग में सूर्य नमस्कार सबसे कारगर है। इसमें लगभग सारे आसन आ जाते हैं।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का समापन आज

**इंदौर, ईएमएस।** इंदौर में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का दूसरा और आखिरी दिन आज है। सुबह 11 बजे से समिट का तीसरा सत्र शुरू हुआ। 1 घंटे के सत्र में फॉस्टरिंग एक्सपोर्ट्स फॉम स्ब्क्र सोशल इंफास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग, एक्सेस मध्यप्रदेश कंप्लीट बिजनेस सॉल्यूशन और इंडिया-इजरायल, रू और,श्व समूह चर्चा हुई। 15 मिनट के टी ब्रेक के बाद भारत की 5 ट्रिलियन इकॉनॉमी में मप्र का योगदान कैसे होगा, इस पर मंथन किया जाएगा। एयरोस्पेस एंड डिफेंस, पीएलआई बूस्टिंग मैन्युफैक्चरिंग इन इंडिया एंड रोल ऑफ एमपी, एजुकेशन एंड स्किल डेवलपमेंट विषयों पर भी चर्चा होगी। एक घंटे के चार सेशन होंगे। लंच के बाद दोपहर 2 से 3 बजे तक एमपी स्टार्टअप इको सिस्टम पर चर्चा होगी।

# सिवनी के जंगल में करंट लगाकर किया बाघ का शिकार

## बरकमपाठ के जंगल में मिला शव



**सिवनी, यशभारत।** सिवनी में शिकारी करंट लगाकर वन्य प्राणियों का शिकार कर रहे हैं। जंगल में 11 केवी बिजली लाइन से फैलाए गए करंट की चपेट में आने से एक वयस्क नर बाघ की मौत हो गई। वन अमले ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। मामला दक्षिण सामान्य वनमंडल के रूखड वन परिक्षेत्र की दरासी बीट के बरकमपाठ गांव का है। वन अमला को गश्ती के दौरान चौपर नाला से लगे जंगल व खेत की सीमा पर बाघ का शव दिखाई दिया। इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। उसके बाद मौके पर पहुंचकर डॉक्टर अखिलेश मिश्रा ने बाघ के शव का पोस्टमार्टम किया।वन परिक्षेत्र रूखड़ के रेंजर दानिस उइके ने बताया कि घटनास्थल पर 11 केवी बिजली लाइन से करंट फैलाने के साक्ष्य मिले हैं। खेत से लगी जंगल की सीमा तक खूटी लगाकर वन्यप्राणी का शिकार करंट फैला किया गया। अधिकारियों की टीम ने मौके से खूटियां भी जब्त की हैं। डाग स्क्वायड टीम घटनास्थल के आसपास के दो किलोमीटर के दायरे में तलाशी अभियान चला रही है। बाघ के शव में सभी अंग पूरी तरह सुरक्षित मिले हैं। मृत बाघ करीब 8 साल का वयस्क नर है, जिसका क्षेत्र में मूवमेंट था।



## हाथी के बच्चे की मौत, पोस्टमार्टम के दौरान चिंघाड़ते हुए पहुंची हथिनी, भागा अमला

**उमरिया यशभारत।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बुधवार को मृत जंगली हाथी के बच्चे का पोस्टमार्टम कर रहे डॉक्टरों को जान बचाकर भागना पड़ा। दरअसल जब डाक्टरों ने उसके शव का पोस्टमार्टम करना शुरू किया तो उसकी मां हथिनी चिंघाड़ते हुए पहुंच गई। पार्क अमला पोस्टमार्टम छोड़कर भाग खड़ा हुआ। कुछ दूरी पर 11 हाथियों का झुंड भी मौजूद था। एक घंटे बाद जब हथिनी वहां से गई, तब डाक्टरों ने पोस्टमार्टम किया।पार्क के पनपथा कोर जोन के हरदी बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ-455 हाथीताल क्षेत्र में गश्ती दल ने हाथी के बच्चे का शव देखा और प्रबंधन को घटना की सूचना दी।

# उज्जैन में ठंड तीन भिक्षुकों ने तोड़ा दम

## डॉक्टर बोले- ठंड से खून का थक्का जमा



**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश में अभी ठंड से राहत जरूर है, लेकिन 3 दिन के बाद फिर से कड़ाके की ठंड का दौर लौटेगा। उत्तर भारत में मौसम में आए बदलाव की वजह से ऐसा होगा। उज्जैन में अलग-अलग जगह बुधवार को भीख मांगकर खाने वाले तीन लोगों के शव मिले थे। इनकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खून से थक्का लगने के कारण मौत की वजह सामने आई है। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर अजय दंडोतिया ने बताया कि आर्टरी में खून का थक्का जमने से हार्टअटैक आने पर मृत्यु हुई है। ठंड में खून का थक्का जमने की संभावना अधिक होती है। शव उज्जैन के महाकाल थाना इलाके के नृसिंह घाट क्षेत्र, गणगौर दरवाजा और भारत माता आश्रम के पास मिले। महाकाल थाने के स्ढ्ढ बीएस मंडलोई का कहना है कि तीनों भिक्षुकों के शव अलग-अलग मिले। उनके ऊपर सिर्फ चादर थी, कुछ खास ओढ़ने को नहीं था, कड़ाके की ठंड है। भिक्षुकों की मौत हार्टअटैक से हुई। वे बीमार भी थे। बता दें, उज्जैन में न्यूनतम पारा 10 डिग्री से कम चल रहा है।

### इसलिए लौटेगा ठंड का एक और दौर

उत्तर भारत में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस पहुंच रहा है। यह काफी स्ट्रॉन्ग है। इसके कारण दिल्ली एनसीआर, पंजाब, हरियाणा में बारिश हो सकती है। इस कारण उत्तर भारत के राज्यों में तेज ठंड पड़ने और पहाड़ों पर बर्फबारी होने के आसार हैं। इसका असर भोपाल समेत मध्यप्रदेश के कई इलाकों में 14 जनवरी से दिखने लगेगा। दिन में कोहरा रहने और रात में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। ऐसे में मकर संक्रांति का पर्व कड़ाके की ठंड में ही मनेगा।

## पीएम मोदी बोले

## वैश्विक चुनौतियों के लिए ग्लोबल साउथ जिम्मेदार नहीं, लेकिन हमारा भविष्य दांव पर लगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत ने हमेशा अपने विकास के अनुभव को वैश्विक दक्षिण के साथ साझा किया है। हमारी विकास साझेदारी में सभी भौगोलिक और विविध क्षेत्र शामिल है।



आपकी आवाज भारत की आवाज है और आपकी प्राथमिकताएं भारत की प्राथमिकताएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आपका स्वागत इस समिट में कर रहा हूं। मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आप दुनिया के विभिन्न जगहों से इसमें हिस्सा ले रहे हैं। भारत ने हमेशा ग्लोबल साउथ के अपने भाइयों के साथ अपने विकास संबंधी अनुभव को साझा किया है। बता दें, इस समिट का उद्देश्य एकता की आवाज, एकता का उद्देश्य है। उन्होंने कहा, हम नए वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। पिछला वर्ष युद्ध, संघर्ष, आतंकवाद और तनाव से भरा हुआ था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बढ़ती खाद्य उर्वरक और ईंधन की कीमतों पर भी चिंता जताई।

## चारपाई पर सोता रहा शराबी पिता

## सिंगरौली जिले में घर में लगी आग से दुधमुंही बच्ची की मौत



**सिंगरौली यशभारत।** मोरवा थाना क्षेत्र के गोरबी चौकी के ग्राम फूलझर में मंगलवार शाम एक दुधमुंही बच्ची की आग से झुलसकर मौत हो गई। घटना के समय मां पानी लेने के लिए गई थी। वहीं पिता शराब के नशे में धुत घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था। बाद में पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर का सामान जलकर खाक हो गया था और बच्ची की भी मौत हो गई थी।ग्राम फूलझर निवासी बबलू बैगा की पत्नी सुनीता बैगा अपनी छह माह की बच्ची पूजा बैगा को घर में सुलाकर करीब 300 मीटर दूर पानी भरने गई थी। इसी बीच चूल्हे की आग से निकली चिंगारी ने कच्चे घर को अपनी चपेट में ले लिया। बेसुध पिता बबलू बैगा शराब के नशे में धुत होकर चारपाई पर सोता रहा। पत्नी जब पानी लेकर वापस आई तो घर का मंजर देखकर अवाक रह गई। उसने अपने पति बबलू बैगा को उठाते हुए आग बुझाने का असफल प्रयास किया। घटना की सूचना मिलने पर गोरबी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शीतला यादव पुलिस बल के साथ पहुंचीं और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना

अरुणोदय पंचांग



## पानीपत में सिलेंडर ब्लास्ट झारखंड में पिकअप पलटी,13 कर मौत

**पानीपत एजेंसी।** हरियाणा के पानीपत जिले के तहसील कैंप क्षेत्र में आज सुबह सिलेंडर फटने से छह लोगों की दर्दनाक मौत की खबर सामने आई है। यहां एक सिलेंडर ब्लास्ट हो गया. इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि सुबह खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई थी. कमरे का गेट नहीं खुला, इसकी वजह से एक ही परिवार के छह लोगों की जान चली गई।इस घटना के बाद से तहसील कैंप क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है. क्षेत्र के लोग ब्लास्ट की घटना के बाद से सकते में हैं. घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई. फिलहाल, थाना पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि सिलेंडर में ब्लास्ट की घटना कैसे हुई?

**झारखंड में 8 की हालत गंभीर** झारखंड में मजदूरों से भरी पिकअप पलटने से 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 8 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा गुरुवार सुबह 7 बजे के करीब हुआ। राजनगर थाना क्षेत्र के खैरबनी गांव के पास पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि पिकअप की रफ्तार ज्यादा थी। इसकी वजह से ये मौतें हुई है।

## लुधियाना में भारत जोड़ो यात्रा

## राहुल गांधी बोले- पंजाब देश प्रेम सौहार्द और संतों की भूमि



**लुधियाना, एजेंसी।** पंजाब में दूसरे दिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शुरू हो गई है। राहुल गांधी की यात्रा आज समराला चौक के लिए निकली। उनके साथ पंजाब प्रदेश कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजावडिंग व पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी भी दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब देशप्रेम, सौहार्द व संतों की भूमि है। कल लोहड़ी की वजह से यात्रा नहीं होगी। पंजाब में यात्रा के दूसरे दिन भी बदलाव किया गया। सुरक्षा कारणों के चलते सुबह स्टार्ट पॉइंट को जसपालों से 1 कि.मी. आगे कद्दो चौक और समय 7 बजे से किया गया। आज इवनिंग वॉक को नहीं रखा गया है। वहीं राहुल गांधी आज अपने पुराने रंग टी-शर्ट व बिना पगड़ी के ही दिखे। 9 बजे राहुल गांधी ने पहली टी-ब्रेक ली। वह एक साधारण किसान कर्म सिंह के घर पहुंचे जो साहनेवाल के गांव नंदपुर के रहने वाले हैं। यात्रा शुरू होने से पहले 1984 के दंगा पीड़ितों को लुधियाना में नजरबंद कर दिया गया है। लुधियाना में राहुल की यात्रा का 15 जगहों पर स्वागत होगा। गांव कद्दो से शुरू हुई यात्रा दोपहर करीब 12 बजे समराला चौक पर रुकेगी। राहुल गांधी रोजाना 25 किलोमीटर ही चलते है। समराला चौक में भव्य मंच का आयोजन किया जा रहा है। राहुल यहां से जनता के बीच अपनी बात रखेंगे। राहुल गांधी 8 दिन पंजाब में रुकेंगे।

## नक्सलियों पर एयर स्ट्राइक

# सुरक्षाबलों के हमले में तीन नक्सली ढेर, दो घायल



**रायपुर, ईएमएस।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिले की सीमाई क्षेत्र में सुरक्षा बलों की ओर से नक्सलियों पर एयर स्ट्राइक किए जाने की खबर आ रही है। इस हमले में तीन नक्सली के मारे गिराने व दो नक्सलियों के घायल होने की सूचना है। नक्सलियों की ओर से भी सुरक्षा बलों के चापर पर गोलीबारी की कई, जिसमें कुछ जवान के घायल होने की सूचना है। अभी तक घटना की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है पर सीआरपीएफ की ओर से आधिकारिक बयान जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है फारवर्ड बेस कैम्प में जवानों को हेलीकाप्टर से शिफ्ट किए जाने के दौरान नक्सलियों ने गोलीबारी की है, जिसमें जवाबी कार्रवाई में नक्सली भाग खड़े हुए हैं। सभी जवान सुरक्षित हैं। फिलहाल क्षेत्र की सर्चिंग कर नक्सलियों को हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। इधर सूत्र बताते हैं कि तेलंगाना, सुकमा बीजापुर जिले की सरहद पर भारी संख्या में नक्सलियों की उपस्थिति की सटिक सूचना के आधार पर बुधवार को केन्द्रीय स्तर से नक्सलियों पर एयरस्ट्राइक की गई है। इसकी कोई सूचना स्थानीय स्तर पर पुलिस व फोर्स को नहीं थी। सीआरपीएफ की कोबरा और ग्रेहाउंड फोर्स को तीन हेलीकाप्टर में आपरेशन पर भेजा गया था। पामेड़ थाना क्षेत्र के दारेली और मरकनगु?ा के बीच मुठभे? की खबर है। सुरक्षा बलों के हवाई हमले में तीन नक्सली मारे गए व दो घायल हुए हैं। नक्सलियों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए सेना के चापर पर गोलीबारी की, जिसमें पांच से छह गोली चापर पर लगी है। सह पायलेट इसमें घायल हुआ है। चापर गोली लगने के बाद पायलेट ने हेलीकाप्टर को सुरक्षा बलों के एलमागुंडा कैम्प में सुरक्षित तरीके से लैंड करा दिया है। हेलीकाप्टर के फ्यूल टैंक में भी गोली लगी है। घायल सह पायलेट की चोट गंभीर नहीं है और उसका उपचार कैम्प में ही चल रहा है। इधर एयरस्ट्राइक के बाद मुठभेड़ स्थल के कोंडापल्ली व आसपास के गांव के ग्रामीणों के गांव छोड़कर जंगल की ओर भाग जाने की खबर है। इधर आंध्रप्रदेश की मीडिया की खबर के अनुसार पामेड़ क्षेत्र में हिड़मा की उपस्थिति की सटिक सूचना के आधार पर संयुक्त आपरेशन किया गया था। इस हमले में कुख्यात नक्सली नेता हिड़मा को मार गिराया गया है। हालांकि खबर लिखे जाने तक छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश या तेलंगना की पुलिस की ओर से इसकी आधकारिक पुष्टि नहीं की गई है।





# संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ

**जबलपुर, यशभारत।** संस्कृत भारती महाकौशल प्रांत जबलपुर द्वारा ACST इंस्टिट्यूट में संस्कृत संभाषण शिविर के सत्र का उद्घाटन में मुख्य अतिथि भूपेंद्र पाराशर ने डॉ दिलीप सिंह हजारी की अध्यक्षता में किया। इस मौके पर संस्कृत भारती महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री डॉ मनोज पांडे,प्रचार प्रमुख विजय तिवारी ,प्रमुख शिक्षक रविशंकर चतुर्वेदी संपर्क महानगर डॉ सत्यम मिश्रा आदि मौजूद रहे। अब 10 दिनों में नगर के सामान्यजन भी संस्कृत बोलना सीखेंगे। संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है और अत्यंत प्राचीन भाषा मानी जाती जिसे हम आप सभी यहां पर निःशुल्क संस्कृत संभाषण शिविर में भाग ले सकते हैं जबलपुर शहर में 10 दिनों में सीख सकते हैं।

# दिव्यांग के नेत्रदान से मिली नेत्र ज्योति

**जबलपुर, यशभारत।** लालमाटी निवासी विजय पंजवानी एवं तेजस्विनी महिमा फाउंडेशन की अध्यक्ष पूजा पंजवानी के सुपुत्र विवेक पंजवानी द्वारा नेत्रदान का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया। बारह वर्षीय विवेक जो कि दिव्यांग था अपनी माँ पूजा से हमेशा कहा करता था कि मेरी मृत्यु के पश्चात् मेरा नेत्रदान जरूर करना क्योंकि विकलांगता कि पीड़ा को वो समझता था। डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि स्वाभाविक कारणों से मृत्यु के पश्चात् विवेक के दोनों नेत्र दादा वीरेंद्र पुरी जी नेत्र बैंक में सुरक्षित किये गए द्व एक नेत्र का प्रत्यारोपण 18 वर्षीया कॉर्निया अंधत्व बालिका को किया गया एवं दूसरे नेत्र का थेराप्यूटिक कॉर्निया ट्रांसप्लांट किया गया। माइक्रोस्कोपिक शल्य क्रिया में डॉ. पवन स्थापक, डॉ. आयुष टंडन,डॉ. आमिर, डॉ. अर्पिता स्थापक दुबे एवं नवनीत शर्मा का योगदान रहा।



# आपात स्थिति में सी पी आर संजीवनी विद्या के समान

## लोकायुक्त कार्यालय में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल ने बताई विधि



**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस विशेष स्थापना पुलिस लोकायुक्त कार्यालय में शहर के जाने माने वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुष्पराज पटेल ने सीपीआर की जानकारी दी।इस मौके पर लोकायुक्त एसपी संजय साहू और उपस्थित स्टाफ ने डॉक्टर पुष्पराज पटेल से सीपीआर विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।डा.पटेल ने आगे बताते हुए कहा कि सी पी आर का फुल फॉर्म कार्डियो पल्मोनरी रिसक्सेशन होता है। जिसको हिंदी में हृत्फुफ्फुसीय पुनर्जीवन के नाम से भी जाना जाता है। यह एक प्रकार की मेडिकल थेरेपी है जो इमरजेंसी यानि के आपातकालीन स्थिति में प्रयोग की जाती है। इस थेरेपी की मदद से अब तक कई लोगो की जान भी बचायी गयी है। बताया गया कि इसका उपयोग उस समय किया जाता है जब भी किसी व्यक्ति को सांस लेने में अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा हो या फिर किसी व्यक्ति को अचानक हार्ट अटैक आ जाये तो भी इसका प्रयोग किया जाता है ताकि उस व्यक्ति की जान बच सकें और उसको जल्द से जल्द अस्पताल ले जाया जा सके। अगर किसी भी व्यक्ति को किसी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़े जिसमे उसको सीपीआर की आवश्यकता हो तो उसमे सबसे पहले पीड़ित व्यक्ति को किसी बेंच या टेबल पर लेटा देना होगा। ध्यान रहे वो जगह समतल होनी चाहिए। यदि उस व्यक्ति की धड़कने नहीं चल रही है तो भी आपको उस व्यक्ति के दिल के पास अपने दोनों हाथो से उसकी छाती को झटके से दबाना होगा इससे उसकी दिल की धड़कन वापस से चलनी शुरू हो सकती है। सांस भी नहीं आ रही हो तो आपको उस व्यक्ति को अपने मुँह से साँस देनी होगी। उसके लिए आपको उस व्यक्ति का मुँह खोलने होगा और आपको अपना मुँह उसके मुँह पर लगाना होगा फिर आपको अपने मुँह से उसके मुँह में हवा छोरूानी होगी उसे उसके शरीर में ऑक्सीजन जायेगी तो उसकी साँसे वापस चलने लगेंगी। ऐसे समय में कुछ बातों का ध्यान भी देना होगा वो यह है की आपको उस व्यक्ति की छाती को ज्यादा अंदर तक नहीं दबाना है और छाती को करीब 90 से 100 बार दबाना होगा। इस मौके पर डॉक्टर दीपक साहू डॉक्टर प्रदीप पटेल हेमंत बडगैया आशीष वर्मा दीप्ति तिवारी आदि भी उपस्थित थे।



कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. श्रीमती रश्मि शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन एवं सभी अतिथियों का शाल श्रीफल एवं स्टीविया के पौधों को भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया।

# कृषि विज्ञान केंद्र अन्नदाताओं को कृषि तकनीक जानकारी हेतु सर्वोत्तम केंद्र : कुलपति डॉ. पीके मिश्रा

## कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर द्वारा, वैज्ञानिक परामर्श दात्री समिति बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य कर रहे एवं कृषकों को बेहतर कृषि तकनीकी जानकारी समसामयिक सलाह एवं कृषि कार्यमाला को बनाकर डिजिटल रूप में कृषकों तक पहुंचाने में अपनी महती जिम्मेदारी निभाई है।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्राकृतिक खेती, जैविक खेती विषय पर वैज्ञानिकों को विभिन्न फसलों पर बेहतर शोध एवं परीक्षण करने के उपरांत सहज एवं सरल भाषा में हमारे अन्नदाता किसानों तक जानकारी प्रदान करना अति आवश्यक है। बैठक के विशिष्ट अतिथि आईसीएआर अटारी निदेशक डॉ. एस. आर. के. सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि हमारे किसान कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से सही सटीक एवं बेहतर कृषि सलाह कृषि वैज्ञानिकों से प्राप्त कर खेती कार्यों को आगे बढ़ाएं, ताकि उन्हें संतोषजनक एवं उत्साह जनक परिणाम प्राप्त हो। हमारे किसानों को अब अकेले नहीं बल्कि मिलजुल कर खेती करने की आवश्यकता है, ताकि लाभ एवं सुविधा सभी को सहजता से प्राप्त हो सकेगी। कृषि ज्ञान एवं अनुभव का बेहतर लाभ लेने हेतु वैज्ञानिकों के साथ आप सभी किसानों का जुड़ना अति आवश्यक है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संचालक विस्तार सेवायें, डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय किसानों को समय-समय पर उत्तम एवं उत्कर्ष शोध की जानकारी एवं सलाह व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से एवं प्रशिक्षण क्षेत्र प्रदर्शन के माध्यम से सतत् कर रहा है। किसान भाइयों को चाहिए इन सभी योजनाओं एवं कार्यों में अपनी सहभागिता को सक्रियता से निभाते हुए कृषि के कार्य में बेहतर लाभ प्राप्त कर सकें।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. श्रीमती रश्मि शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन एवं सभी अतिथियों का शाल श्रीफल एवं स्टीविया के पौधों को भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया। इसके उपरांत केवीके का प्रगति प्रतिवेदन की प्रस्तुति पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से की। इस दौरान समस्त अतिथियों एवं आमंत्रित महिला एवं पुरुष किसानों द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु सलाह एवं जानकारी हेतु मंथन किया गया, साथ ही आगामी वर्ष में खेती किसानी में क्या अमूल-चूल परिवर्तन कर उत्तम लाभ प्राप्त किया जा सकता हैं। इस विषय पर सभी आमंत्रित वैज्ञानिक अधिकारी एवं किसानों द्वारा सलाह दी गई।

वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति बैठक में प्रमुख रूप से कस्टम हायरिंग की समस्याओं के समाधान जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, मृदा परीक्षण, सूक्ष्मजीव संख्या की जानकारी हेतु परीक्षण, इंटर क्रॉपिंग, नवीनतम किस्म का बेहतर उपयोग एवं उत्पादन तकनीक कृषि में कृषि यंत्रों की व्यापक उपयोगिता, पारंपरिक खेती एवं पारंपरिक ज्ञान का प्रशिक्षण के माध्यम से कृषकों के खेतों तक पहुंचाना बायोफोर्टीफाइड किस्मों में का उपयोग रबि मौसम की प्रमुख फसलें जैसे- मटर, चना, सरसों, धनिया, मूंग, उ?द, प्रजनक बीज, आधार बीज की जानकारी बेहतर कृषि तकनीक का उपयोग हेतु सलाह एवं माइनर मिलेट वर्ष 2023 के अंतर्गत कोदो-कुटकी, सावा, कंगनी आदि फसलों की विभिन्न किस्मों की जानकारी एवं मूल्य संवर्धन एवं बाजार में सही मूल प्राप्ति हेतु विभिन्न प्रकार के उत्पादों की उत्पादन कार्य के साथ ही ड्रोन कैमरे की खेती में बेहतर उपयोगिता नैनो उर्वरकों की आवश्यकता उपयोगिता एवं उनका बेहतर परिणाम हेतु शोध पर विशेष चर्चा एवं मंथन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. डी. के. सिंह एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ए. के सिंह, वैज्ञानिक द्वारा किया गया। वैज्ञानिक परामर्श दात्री समिति बैठक में कृषि महाविद्यालय जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. पी. बी शर्मा, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डिप्टी रजिस्ट्रार, डॉ. टी.आर. शर्मा, पौध प्रजनक एवं अनुवांशिकी विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आर.एस. शुक्ला, पादप रोग विज्ञान विभागाध्यक्ष, डॉ. जयंत भट्ट, कीट शास्त्र विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. एस.बी दास, उद्यान शास्त्र विज्ञान विभागाध्यक्ष, डॉ. एस. के. पांडे, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ शेखर सिंह बघेल, कृषि अभियांत्रिकी विभाग के श्री एस. के. चौरसिया, जिला विकास प्रबंधक श्री अपूर्व गुप्ता भू सर्वेक्षण विभाग के डॉ वही पी सिंह, एफ.पी.ओ. श्री हरिशंकर तिवारी, श्री विजय पटेल, श्री महेन्द्र सिंह, प्रगतिशील किसान श्री कालरा जी के अलावा भी अनेक अधिकारी एवं कृषकों की उपस्थिति रही। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. डी. के. सिंह, डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. यतिराज खरे, डॉ नीलू, विश्वकर्मा, डॉ. अक्षता तोमर, डॉ. निहारिका शुक्ला, डॉ. नितिन सिंघई, डॉ. पूजा चतुर्वेदी, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. विवेकिन पचौरी, डॉ. आभा मिश्रा की उपस्थिति रही।

# हिंदी वैश्विक पटल पर तेजी से आगे बढ़ रही है

## व्हीएफजे में हुआ विश्व हिंदी दिवस का आयोजन




**जबलपुर यशभारत।** व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में मनोज कुमार मौर्य महाप्रबंधक के मुख्य अतिथि में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन मेंमुख्यअतिथि ने वैश्विक पटल पर हिंदी की स्थिति पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि हिंदी तेजी से वैश्विक पटल पर आगे बढ़ रही है। दुनिया भर में अब हिंदी का अध्ययन-अध्यापन हो रहा है, इसके अलावा भारत में व्यापार की संभावना को देखते हुए भी दुनियाभर के देश तेजी से हिंदी सीख रहे हैं।उम्मीद जताई कि हिंदी बहुत जल्द दुनिया भर के प्रमुख भाषाओं में से एक हो जाएगी। इस अवसर पर निर्माणी में विशेष प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्मिकों ने भाग लिया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सुश्री रागिनी कुमारी को प्रथम ,शारदा सिंह द्वितीय तथा सुंदरलाल को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि व्हीकल फैक्टरी में राजभाषा कार्यान्वयन समिति राजभाषा के सतत विकास के लिए प्रयासरत है। निर्माणी के सभी प्रशासनिक एवं गैर प्रशासनिक अनुभाग अपना अधिकाधिक कार्य हिंदी में संपन्न कर रहे हैं। निर्माणी राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर आगे ब? रही है। राजभाषा में उल्लेखनीय कार्यो के लिए ही निर्माणी को समय-समय पर पुरस्कृत किया जाता रहा है। हाल ही में निर्माणी को राजभाषा के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा गोवा में आयोजित संयुक्त क्षेत्रीय सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया है। विश्व हिंदी दिवस समारोह में शैलेंद्र सिंह कनिष्ठ कार्य प्रबंधक श्रीमती रमा दीक्षित प्रभारी/राजभाषा मोहन कुमार साहू कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी संजय सोनी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी से मौसम की रंगत भी बदली

**जबलपुर, यशभारत।** जल्द ही शीतलहर और कोहरे का दूसरा दौर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते मकर संक्रांति से कड़कड़ाती ठंड और कोहरे की वापसी हो सकती है। तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी से मौसम की रंगत भी बदलने लगी है। बुधवार को सुबह ठंड का असर कम रहा। धूप भी तेज महसूस हो रही है। हवा की दिशा उतरी पश्चिमी हो गई है। अधिकतम तापमान मामूली बढ़त के साथ 25.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 7.2डिग्री पर पहुंच गया हैं। हालांकि रात ठंडी हवाओं से सुबह ठंड असर बढ़ गया था। नए साल की शुरुआत के साथ राज्य में हाड़ गलाने वाली सर्दी और कोहरे का दौर शुरू हुआ था। पिछले पांच दिनों से इससे थोड़ी राहत मिली है, लेकिन मकर संक्रांति से मौसम का मिजाज फिर बदलने का अनुमान है। मौसम विभाग का अनुमान है कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 14 जनवरी से शीतलहर और कोहरे का दूसरा दौर शुरू हो सकता है।गपश्चिमी विक्षोभ की आहट से ठंड के तेवर ढीले पड़ने लगे हैं। अधिकतम के साथ ही न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोत्तरी होने से कड़ाके की ठंड से जूझ रहे लोगों को कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार हिमालयी क्षेत्र की तरफ से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है इसके असर से पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो जाएगी जिससे बर्फीली हवाओं में नमी आने से ठंड का असर और कम हो जाएगा। 14 जनवरी तक बादल छाने की भी संभावना जताई जा रही है। फिलहाल वातावरण में हल्की ठंडक घुली रहेगी। जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं-कहीं शीतलहर चल सकती है।



# भक्ति मार्ग में सर्मपर्ण आवश्यक : आचार्य डॉ. शास्त्री

## त्रिशूल भेद में स्कंद महापुराण कथा

**जबलपुर,यशभारत।** पुण्य सलिला मां रेवा के पावन तट त्रिशूल भेद में आयोजित स्कंद महापुराण कथा एवं महामृत्युंजय जप यज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास डॉ. सत्येन्द्र स्वरूप शास्त्री ने कहा कि संसार में केवल एक ही सच्ची शरण है वह परमात्मा है। प्रभु अपनी शरण में आने वाले साधक को सभी अपराध भूलकर अभय देते हैं। भक्ति पथ में मेरा और तेरा नहीं होता।यहां साधक का अपने आराध्य के प्रति समपर्ण होना आवश्यक है। परमात्मा के प्रति समपर्ण में ही सच्च सुख है। उन्होंने कहा कि भगवान सत्य नाराण की कथा का स्कंद पुराण में विस्तार से वर्णन है। सत्य नारायण कथा के प्रत्येक अध्याय में इति श्री स्कंद पुराणे रेवा खंडे का उल्लेख होता है। स्कंद पुराण का पाठ करने से भगवान शंकर प्रसन्न होते हैं। स्कंद पुराण की महाकाल कथा में इसका वर्णन मिलता है। इसमें 12 ज्योर्तिलिंगों की उत्पत्ति का वर्णन भी है। भगवान के ज्योर्तिलिंगों के दर्शन मात्र से जीव को अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। कथा में प्रदोष व्रत के महामात्य का वर्णन है। इस व्रत को करने से सभी तरह की मनोकामना पूर्ण होती है।

# उल्लास से मनाया केसरवानी वैश्य समाज का मिलन समारोह, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**जबलपुर, यशभारत।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नववर्ष के उपलक्ष में केसरवानी वैश्य समाज कटनी के द्वारा कटाय घाट स्थित सुरम्य पार्क में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया।केसरवानी वैश्य समाज के निवर्तमान अध्यक्ष विपिन केसरवानी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि विगत 30 वर्षों से केसरवानी वैश्य समाज कटनी के द्वारा नववर्ष के उपलक्ष में सभी सजातीय बंधुओं को एक दूसरे से परिचित कराने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। शुभारंभ मुख्य अतिथि केसरवानी वैश्य तरुण सभा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विशेष केसरवानी, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक टंडन व समाजसेवी तनु शशांक श्रीवास्तव द्वारा महर्षि कश्यप जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर पूजन कर किया गया।इसके पश्चात समाज के पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया।इस अवसर पर केसरवानी वैश्य समाज को गौरवान्वित करने वाली नगर निगम कटनी की नेता प्रतिपक्ष रागिनी मानों गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।अतिथियों के द्वारा अपने उद्बोधन में केसरवानी वैश्य समाज के द्वारा किए जा रहे प्रयासों व आयोजन की जमकर प्रशंसा की गई और केसरवानी समाज के संगठित प्रयास को सराहनीय बताया और समाज के हर कार्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात बच्चों के द्वारा आन्या गुप्ता और माही गुप्ता के द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। समाज के अनेकों होनहार बाल कलाकारों के द्वारा गीत- संगीत,कविता, नृत्य, भजन की शानदार प्रस्तुति की गई जिसके लिए बच्चो को सम्मानित भी किया गया। समारोह के दौरान सर्वसम्मति से केसरवानी वैश्य समाज , केसरवानी तरुण समाज और केसरवानी महिला समाज के नए पदाधिकारियों का मनोनयन भी किया गया। केसरवानी वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष के रूप में नवीन केसरवानी, महामंत्री आशीष केसरवानी और कोषाध्यक्ष अतुल केसरवानी को चुना गया।केसरवानी तरुण सभा के अध्यक्ष के रूप में आशुतोष केशरवानी, महामंत्री हिमांशु केसरवानी व कोषाध्यक्ष रोहित केसरवानी को चुना गया।महिला केशरवानी समाज में जिलाध्यक्ष के रूप में निर्मला केसरवानी, महामंत्री नीलम केसरवानी और कोषाध्यक्ष सुनीता केसरवानी को चुना गया।सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज के संरक्षक पुरुषोत्तम गुप्ता, भोलानाथ केसरवानी, विपिन केसरवानी, विशेष केसरवानी के द्वारा नई जिम्मेदारी के लिए फूलमाला से स्वागत कर शुभकामनाएं दी गई।

# धूमधाम से मनाई गई साहू युवा संस्था की वर्षगांठ

**जबलपुर, यशभारत।** साहू युवा संस्था जबलपुर द्वारा गंजीपुरा चौक, जबलपुर में साहू युवा संस्था की 33वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस उपलक्ष्य में साहू समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित हुए एवं माँ कर्मा देवी को कुमकुम फूलमाला एवं श्रीफल अर्पित कर पूजन अर्चना एवं आरती की गई। इस उपलक्ष्य में साहू युवा संस्था के अध्यक्ष दीपक साहू ने साहू समाज को हार्दिक बधाई दी एवं माँ कर्मा देवी जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। संस्था के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने माँ कर्मा देवी की पूजन अर्चना की तत्पश्चात् प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में साहू युवा संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अध्यक्ष दीपक साहू द्वारा हार्दिक बधाईयां दीं। इस उपलक्ष्य में संस्था के अध्यक्ष दीपक साहू, योगेन्द्र साहू, अनिल साहू रमेश साहू, एड. सुरेश साहू, राजकुमार साहू, गगन साहू, दीपक साहू, सुरेन्द्र साहू, उमाकांत साहू, मुकेश साहू, कमल साहू, सुनील साहू (सरजू). सुधीर साहू, सतीश साहू (गोटू). धीरज साहू, राजा साहू, ऋषि साहू, प्रकाश साहू एवं साहू समाज के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



# ग्वारीघाट में गरीबों को किया भोजन मिष्ठान वितरण



**एल बी एस संस्था ने स्व.शास्त्री की पुण्यतिथि पर किया याद**

**जबलपुर यशभारत।** एल. बी. एस. संस्था द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 11 जनवरी को ग्वारीघाट तट पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री की 57वीं पुण्यतिथि पर भावभीना स्मरण कर गरीब दरिद्र नारायण को भोजन मिष्ठान वितरित किया।स्व. शास्त्री जी के तेल चित्र पर मुख्य अतिथि महेन्द्र तिवारी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष कैलाश नामदेव ने माल्यार्पण किया। इसके पश्चात् गरीबों को भोजन एवं लड्डू का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष हरिराम महामंत्री विजय मिश्रा, रतन रजक, इन्दल सिंह, जी.पी. विश्वकर्मा, विजय यादव, एन. आर. विश्वकर्मा, अरूण जैन, मनोज दाहिया, मोहम्मद अफजल सोनू तिवारी, राजेश शर्मा, कृष्णकुमार इत्यादिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार विजय मिश्रा ने व्यक्त किया।

# सामूहिक सूर्य नमस्कार कर दिया स्वस्थ रहने का संदेश

## रानीताल स्टेडियम में स्वामी विवेकानंद जयंती पर भव्य आयोजन, सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत भी



**जबलपुर, यशभारत।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रानीताल स्टेडियम में प्रातः 8 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र खटीक के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर जबलपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत भी हुई । इस कार्यक्रम में सांसद राकेश सिंह , पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय विश्नोई, विधायक अशोक रोहाणी , अखिलेश जैन, दिग्विजय सिंह मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर जबलपुर संसदीय क्षेत्र में आज से शुरू हुए सांसद खेल महोत्सव स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी सेनेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती 23 जनवरी तक चलेगा उसमें खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री के साथ ही अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और राष्ट्रीय नेता जबलपुर आ रहे है। सांसद राकेश सिंह ने बताया 13 जनवरी को परंपरागत खेलों का आयोजन होगा ऐसे खेलजिनकी आज की पीढ़ी को जानकारी भी नही है उनमें गिल्ली डण्डा, पिट्ठू, भौंरा, चींटी धप्प, कंचा, रस्सी कूद जैसे खेल शामिल है ।



## पारंपरिक खेलों को आज का युवा लगभग भूल चुका है: सांसद राकेश सिंह

पारंपरिक खेलों को आज का युवा लगभग भूल चुका है। जिसमें चींटी धप्प, भंवरा, पिट्ठूक सहित अनेक खेल हैं। जिन्हें युवा पीढ़ी लगभग भूल चुकी है। इन खेलों के माध्यम से पुरानी यादें ताजा होंगी। साथ ही युवाओं को इन खेलों के महत्व को भी समझना होगा। यह बातें सांसद राकेश सिंह ने सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ के दौरान कही। जबलपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की जयंती से आज की गई। सांसद खेल महोत्सव का आगाज सुबह सामूहिक सूर्य नमस्कार और योग प्रदर्शन से रानीताल स्टेडियम में किया गया। इस दौरान सांसद राकेश सिंह ने कहां जो खिलाड़ी खेल को खेलते हैं। वह खिलाड़ी खेल को खेलें ही साथ ही मंशा है कि जो खिलाड़ी अभी तक किसी भी खेल में शामिल नहीं हुए हैं। वह भी किसी न किसी खेल में शामिल हो।



## कांग्रेस ने किया स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण




**जबलपुर, यशभारत।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में कांग्रेस कमेटी द्वारा करमचंद चौक बंगाली क्लब में जगत बहादुर अन्नू सिंह महापौर द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई कार्यक्रम में मनोज नामदेव ,मनोज सेठ, विजय रजक, विष्णु विनोदिया रिजवान अली कोटी व अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## मुखबिरी के शक में फायरिंग : दुकान संचालक पर किए ताबड़तोड़ वार, आरोपी फरार



**जबलपुर, यशभारत।** घमापुर की गोपाल होटल के पास सट्टा पकड़वाने में मुखबिर के शक में आरोपी ने अंडा दुकान संचालक पर पिस्टल तानकर दनादन फायरिंग कर दी और अपने दोस्त के साथ बुलेट में बैठकर मौके से फरार हो गए। घटना में पिस्टल के छर्रे, पीड़ित की जांघ में धंस गए। आनन फानन में युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस को किशोर उर्फ जानू चांदवानी 35 वर्ष निवासी गोपाल होटल ने बताया कि वह अण्डे की दुकान संचालित करता है। गुल्लू रजक तोता का बेटा है जो सट्टा खिलाने का काम करता है और 3-4 दिन पहले तोता का सट्टा पकड़ा गया था । जिसके बाद आरोपी मुखबिरी की बात को लेकर उससे रंजिश रखता है। गुल्लू ने उसे फोन कर सट्टा पकड़वाने की बात पर से धमकी दी । देर रात जब वह अपनी दुकान के बाहर खड़ा होकर दुकानदारी कर रहा था पिताजी दुकान के अंदर थे । तभी गुल्लू रजक अपने साथी के साथ बुलेट गाड़ी में आया और दनादन फायरिंग कर दी।

## कोख हुई कलंकित : गोहलपुर में नवजात बच्ची का नाले में मिला शव



**जबलपुर, यशभारत।** थाना गोहलपुर अंतर्गत मंदिर के पास नाले में एक तीन-चार दिन की बच्ची का शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। यह खबर शहर में आग की तरह फैली और देखते ही देखते लोगों का भारी जमावड़ा लग गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजा है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि रहवासियों ने सूचना दी कि बड़ा पीपल दुर्गा मंदिर की गली संतोष चौधरी के घर के बाहर नाली में एक अज्ञात नवजात शिशु बच्ची मृत अवस्था में पड़ी है । नवजात बच्ची की उम्र लगभग 3-4 दिन की होगी। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

## महाकोशल विद्यालय का 83वाँ स्नेह सम्मेलन आज

**जबलपुर, यशभारत।** संस्कारधानी की प्रतिष्ठित संस्था महाकोशल उ.मा. विद्यालय में आज दोपहर 03.30 को नगर निगम महापौर श्री जगतबहादुर च्अन्नूज्ज जी के मुख्य अतिथि में तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. जितेन्द्र जामदार जी उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद राज्यमंत्री च्दर्जा प्राप्त होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जयंत तन्खी वाले अध्यक्ष महाराष्ट्र शिक्षण मंडल होंगे। प्रमोद दिवाकर पाठक सचिव महाराष्ट्र शिक्षण मंडल होंगे। उपस्थिति की अपील प्राचार्य आर. के. गुजराल, शक्षक सचिव श्री विजय चौकसे, सहसचिव राजेन्द्र सोंधिया, छात्र / छात्रा प्रतिनिधि शशांक लोधी तथा पूजा छीपा ने छात्रों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर पुरानी पेंशन लाओ संकल्प सभा

**जबलपुर यशभारत।** आयुध निर्माणी खमरिया में लेबर यूनियन के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर नयी पेंशन योजना रद्द करने और पुरानी पेंशन को जल्द लागू करने के लिए संकल्प सभा का आयोजन यूनियन कार्यालय में किया गया है. यूनियन के महासचिव अर्नव दासगुप्ता ने बताया कि उनके महासंघ एआईडीईएफ द्वारा विभिन्न मंचों पर पुरानी पेंशन को लागू कराने और नयी पेंशन योजना को समाप्त करने के लिए साझा आंदोलन के लिए कार्य कर रहा है ।उसी तारतम्य में संकल्प सभा का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में शामिल होने की अपील पुष्पेंद्र सिंह शरद अलवाल दिनेश नामदेव आदि ने की है।

## भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं भाषा हमारी धरोहर है

### विश्व हिंदी दिवस पर धरोहर ने किया हिंदी सेवियों का सम्मान



**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस विश्व हिंदी साहित्य दिवस पर हिंदी भाषा को समृद्ध और संरक्षित करने के उद्देश्य से धरोहर संस्था का गठन और पहला आयोजन होटल कल्चुरी में आयोजित किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्य विद मोहन शशि ने कहा कि भारतीय संस्कृति ,साहित्य एवं भाषा हमारी धरोहर है। कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र सिंह ने बताया कि आयुध निर्माणियों से सेवानिवृत हुए वरिष्ठ हिंदी अधिकारियों एवं कार्यरत राजभाषा कर्मियों द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं भाषा के प्रचार-प्रसार और विकास के दृष्टिकोण से उपरोक्त संस्था का गठन किया गया ।कार्यक्रम में संस्कृति एवं साहित्य को बढ़ावा देने हेतु मथुरा प्रसाद उत्साही डॉ कौशल दुबे डॉक्टर संगम त्रिपाठी एवं विनोद वैद्य को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया ।मुख्य अतिथि श्री शशि के साहित्यिक एवं समाजिक सेवाओं पर मथुरा प्रसाद उत्साही ने प्रकाश डालातथा संख्या के संस्थापक सदस्य पूर्व हिंदी अधिकारी राजेन्द्र सिंह कुलदीप नारायण शुक्ल प्रमोद दुबे एवं दया शंकर सिंह ने संस्था की ओर से मुख्य अतिथि को सम्मानित किया । कार्यक्रम का संचालन मृगेन्द्र नारायण सिंह तथा धन्यवाद सी एम राजपूत नेकिया गया। कार्यक्रम में डा.कौशल दुबे ने काव्य पाठ्य किया । इस अवसर पर कन्हैया लाल रैकवार मलकीत सिंह सैनी धरमदास बलजीत सिंह अरोरा यशवंतराव इंद्रमणी सेन सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध वर्ग उपस्थित रहा।

## कमिश्नर ऑफिस में तैनात कर्मचारी 64 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया



**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर में लोकायुक्त की टीम ने छापा मारा है। लोकायुक्त ने जबलपुर कमिश्नर कार्यालय में पदस्थ चंद्र कुमार दीक्षित को 64 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। जिनसे पूछताछ जारी है। वहीं कार्यालय में लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद अन्य कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति है।

बताया जा रहा है कि चंद्र कुमार दीक्षित कमिश्नर कार्यालय में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ हैं। फरियादी से किसी केस के एवज में न्याय दिलाने के लिए 64 हजार की रिश्वत मांग रहे थे।जिसके बाद लोकायुक्त टीम ने रंग लगे हुए नोटों के साथ ट्रेस कर लिया।

## नहीं बंद होगा जीसीएफ का मुख्य मार्ग

### जनाक्रोश को देखते हुए आदेश लिया वापिस



**जबलपुर यशभारत।** आगामी 17 जनवरी से बंद होने वाला जीसीएफ का मुख्य मार्ग अब आम लोगों के लिए पहले की भांति 24 घंटे चालू रहेगा उक्त मार्ग को बंद करने का आदेश जो पिछले दिनों जारी किया गया था आज प्रबंधन उसे वापस ले लिया है उल्लेखनीय है कि निर्माणी के स्थापना के बाद से ही उक्त मार्ग चलता आ रहा है मात्र वर्ष में एक दिन अपना अधिकार जताने के लिए प्रबंधन उक्त मार्ग बंद करता है लेकिन पिछले दिनों एक अधिकारी के साथ हुई लूटपाट की घटना के बाद प्रबंधन ने उक्त मार्ग रात्रि को बंद करने का फैसला लिया था जिसके तहत 17 जनवरी से रात 10:00 बजे से सुबह 5:00 बजे तक के लिए उक्त मार्ग बंद किया जाना था लेकिन लोगों का विरोध देखते हुए अब प्रबंधन ने अपना फैसला वापस ले लिया है दोपहर 11:30 सभी यूनियनों के साथ प्रबंधन की बैठक हुई इस बात पर चर्चा हुई कि यह मार्ग सन उन्नीस सौ चार से चालू है और इस पर 24 घंटे यातायात बना रहता है आने वाले समय में लोगों को शहर आप आप और आवश्यक स्थिति में जाने के लिए घूम कर जाना होता लिहाजा प्रबंधन ने उक्त फैसला करते हुए नया आदेश जारी कर पुराना आदेश वापिस ले लिया है।

न्यायालय तहसीलदार रांझी, जबलपुर
रा.प.क्र/1208/अ-6/2022-23
रा.प.क्र/1209/अ-6/2022-23

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स के.ए. रियल बिल्ड प्रा. लि. द्वारा मैनेजिंग डायरेक्टर नि. 1101 भनोत हाउस गोरखपुर जबलपुर म.प्र. ने नजूल ब्लॉक नं. 07 प्लाट नं. 3/1 रकवा 53085 वर्गफुट में निर्मित बहुमंजिला के तीसरे फ्लोर का निर्मित अविभाजित रकवा 1282.842 वर्गफुट, जिसका अविभाजित लैण्ड शियर 605.114 वर्गफुट हिस्सा रकवा एवं तीसरे, चतुर्थ व पंचम फ्लोर का निर्मित अविभाजित रकवा 4954.12 वर्गफुट, जिसका अविभाजित लैण्ड शियर 2336.85 वर्गफुट नजूल ब्लॉक नं. 7 प्लॉट नं. 3/1 विक्रय पत्र दिनांक 13.12.2022 एवं तबादलानामा दिनांक 21.10.2022 को हो जाने के कारण क्रय उपरांत नाम दर्ज किए जाने का आवेदन पत्र, विक्रय पत्र तबादलानामा पत्र खसरे की प्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लॉक नं. 7 प्लॉट नं. 3/1 निर्मित रकवा 1282.842 वर्गफुट, जिसका अविभाजित लैण्ड शियर 605.114 वर्गफुट हिस्सा रकवा एवं तीसरे, चतुर्थ व पंचम फ्लोर का निर्मित अविभाजित रकवा 4954.12 वर्गफुट, जिसका अविभाजित लैण्ड शियर 2336.85 वर्गफुट श्री समीर सचदेवा, सुधीर सचदेवा, राधिका गुलाटी, निधि गुलाटी, रीता गुलाटी एवं प्रवीण गुलाटी के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 10-01-2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 24-12-2022 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद से जारी किया गया।

जारी दिनांक 24-12-2022
पेशी दिनांक 10-01-2023
तहसीलदार रांझी, जबलपुर

**रोजगार प्रशिक्षण**
क्या आप रोजगार चाहते हैं
आईये ! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें
कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register nline@
https://www.grow.org.in
90099-85689

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**
रा.प्र.क्र.3790/अ-6/2022-2023
अधारताल, दिनांक 27/12/ 22

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मिक आवेदक श्रमती रेखा तिवारी पति तुलसीदास तिवारी निवासी 4551 अधारताल जबलपुर के द्वारा मौजा सुहागी ब्लॉक नंबर प्लॉट नंबर स्थित भूमि खसरा नंबर 20 में से रकवा 960 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में श्रीमती पुष्पा पति महेशचंद गुप्ता नि. आदर्शनगर के नाम दर्ज है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दाया या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 16/1/23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है।समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 27/12/22
पेशी दिनांक - 16/1/2023
अतिरिक्त तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै तनिष्क जैन( TANISHQ JAIN) पिता श्री अखिलेश जैन उम्र 20वर्ष कचनार सिटी जबलपुर (मप्र) यह कि मेरा यूटीआई म्यूचुअल फंड follo No. 529189298272 में मेरा नाम (TANISH JAIN) दर्ज है। जो बचपन का नाम था ।अब मेरे समस्त दस्तावेजों में (TANISHQ JAIN) दर्ज है। अत: मेरा सही नाम UTI MF में सुधारने का कष्ट करें।

आवेदक
TANISHQ JAIN
पिता- श्री अखिलेश जैन
कचनार सिटी जबलपुर मप्र

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै (STUTI JAIN) पिता श्री अखिलेश जैन उम्र 18 वर्ष कचनार सिटी जबलपुर (मप्र) यह कि मेरा यूटीआई म्यूचुअल फंड follo No. 529189299123 में मेरा नाम (POORVI JAIN) दर्ज है। जो बचपन का नाम था। अब मेरे समस्त दस्तावेजों में (STUTI JAIN) दर्ज है। अत: मेरा सही नाम UTI MF में सुधारने का कष्ट करें।

आवेदक
STUTI JAIN
पिता- श्री अखिलेश जैन
कचनार सिटी जबलपुर मप्र

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभागं, संभाग क्र. 1 बालाघाट (म.प्र.)**
निविदा सूचना क्रमांक 60/व.ले.लि./2022-23 — बालाघाट, दिनांक 04.01.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | टेंडर क्र. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनुमा.राशि (रु. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_PWDRB_242122 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग वारासिवनी के अंतर्गत निम्नलिखित मार्गो का बी. टी. नवीनीकरण (विशेष मजबूतीकरण) कार्य- 1. कटंगी- नंदोरा मार्ग ष×षघइ 43.14 लंबाई 4.00 किमी. 2. कटंगी महाविद्यालय पहुँच मार्ग लंबाई 0.70 कि.मी. बालाघाट 3. कन्या हाईस्कूल कटंगी पहुँच मार्ग लंबाई 0.50 कि.मी. 4. तिरोड़ी रेस्ट हाउस मार्ग लंबाई 0.30 कि.मी. 5. महकेपार पहुंच मार्ग लंबाई 0.88 कि.मी. कुल लंबाई- 6.38 कि.मी. | प्रथम आमंत्रण | 77.33 | 77330.00 | 10000.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2023_PWDRB_242123 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र0 2 बालाघाट के अंतर्गत निम्नलिखित मार्गो का बी.टी. नवीनीकरण (विशेष मजबूतीकरण) कार्य- 1. बिरसोला बोटा मार्ग लंबाई - 3.00 कि.मी. 2. सिहोरा सिहोराटोला देवगांव मार्ग लंबाई- 2.70 कि.मी. 3. खमरिया कोसमी मार्ग लंबाई - 2.00 कि.मी. 4. बहेगांव बांदरी कंजई मार्ग लंबाई - 3.92 कि.मी. 5. बहेगांव डोहरा सालेबरी टेगनीखुर्द बंजारी मार्म लंबाई 4.20 कि.मी. 6. बेहरई लेण्डेझरी कायदी मार्ग लंबाई 1.48 कि.मी. कुल लंबाई- 17.30 कि.मी. | प्रथम आमंत्रण | 168.55 | 168550.00 | 12500.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2023_PWDRB_242125 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग वारासिवनी के अंतर्गत निम्नलिखित मार्गो का बी. टी. नवीनीकरण (विशेष मजबूतीकरण) कार्य- 1. मेंढकी लिंगमारा दीनी मार्ग ष×षघइ 43.15 लंबाई - 2.60 कि.मी. 2. रामपायली रेस्ट हाउस मार्ग लंबाई 0.15 कि.मी. 3. खैरी गोण्डीटोला सावरी मार्ग लंबाई 3.83 कि.मी. 4. खैरलाजी घुबड़गोंदी मार्ग लंबाई - 3.06 कि.मी. कुल लंबाई 9.64 कि.मी. | प्रथम आमंत्रण | 98.42 | 98420.00 | 10000.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2023_PWDRB_242126 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बैहर के अंतर्गत निम्नलिखित मार्गो का बी. टी. नवीनीकरण (विशेष मजबूतीकरण) कार्य- 1. परसाटी ला जत्ता मोहगांव मार्ग ष×षघइ 43.05 लंबाई 5.00 कि.मी. 2. बिरसा भटलई दूधी शाखा मार्ग लंबाई - 2.50 कि.मी. 3. बैहर सियारपाट मार्ग लंबाई 3.60 कि.मी. 4. बैहर तुमड़ीभाट मार्ग लंबाई - 3.60 कि.मी. 5. बैहर स्टेशन मार्ग लंबाई 2.40 कि.मी. 6. चांगोटोला नगरवाड़ा रेल्वे स्टेशन मार्ग लंबाई- 1.20 कि.मी. 7. लिंगा खरपड़िया मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. कुल लंबाई 19.30 कि.मी. | प्रथम आमंत्रण | 269.72 | 269720.00 | 15000.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2023_PWDRB_242127 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लांजी के अंतर्गत निम्नलिखित मार्गो का बी. टी. नवीनीकरण (विशेष मजबूतीकरण) कार्य- 1. किरनापुर सोनपुरी मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. 2. डुडवा कान्द्री खुर्द मार्ग लंबाई - 2.72 कि.मी. 3. कांद्रीकला डुडवा घाटटेमनी मार्ग लंबाई-2.83 कि.मी. 4. कुल्पा सालेकसा आमगांव मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. कुल लंबाई 9.85 कि.मी. | प्रथम आमंत्रण | 106.99 | 106990.00 | 12500.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | | योग | 721.01 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 25.01.2023 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन ही जमा किए जाएँगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

जी-21526/22

# उद्योगों के लिए 24 घंटे में जमीन देगी एमपी सरकार

## कमलनाथ पर एमपी की निगेटिव छवि पेश करने का बीजेपी का आरोप

**भोपाल,यशभारत।** एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया है कि उनकी सरकार उद्योगों के लिए 24 घंटे के अंदर जमीन आवंटित करेगी। बुधवार को शुरू हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शिवराज ने कहा कि उद्योगों के लिए बनाए गए लैंड बैंक में करीब दो लाख एकड़ जमीन मौजूद है। उद्योगों के लिए जमीन की मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस बीच, राज्य में सत्तारूढ़ बीजेपी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पर प्रदेश की नकारात्मक छवि पेश करने का आरोप लगाया है। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वी डी शर्मा ने कहा है कि उद्योगपति होते हुए कमलनाथ ने कभी राज्य में कोई निवेश नहीं किया, लेकिन ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बीच में एमपी की गलत छवि पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उद्योगपतियों से प्रदेश में उद्योग लगाने और निवेश करने का आग्रह करते हुए बुधवार को कहा कि उद्योगों के लिये 24 घंटे में भूमि आवंटित की जाएगी। चौहान ने इंदौर में 'ग्लोबल इन्वेस्टर समिट' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज मध्य प्रदेश विकास की तरफ तेजी से बढ़ा है। प्रदेश की विकास दर देश में सर्वाधिक है। हम तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में मध्य प्रदेश का विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि उद्योग के लिए जमीन की मांग 24 घंटे में पूरी करेंगे। प्रदेश में जमीन की पर्याप्त उपलब्धता है। इसे प्राथमिकता से औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिये प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। मध्य प्रदेश में उद्योगों के लिए बनाये गये 'लैंड बैंक' में लगभग दो लाख एकड़ भूमि की उपलब्धता है।



### कमलनाथ पर एमपी की निगेटिव छवि बनाने का बीजेपी का आरोप

मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कांग्रेस नेता कमल नाथ की टिप्पणी पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री राज्य के बारे में नकारात्मक छवि बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कमल नाथ ने मंगलवार को कहा था कि सिर्फ सम्मेलनों से निवेशकों को भरोसा नहीं दिलाया जा सकता। उन्होंने कहा, सरकार और निवेशकों के बीच भरोसा कायम करने की जरूरत है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार प्रदेश के विकास के लिए निवेश लाने का पूरा प्रयास कर रही है। कमल नाथ के नेतृत्व में विपक्ष इसे सकारात्मक कदम मानने की बजाय मध्य प्रदेश के बारे में नकारात्मक छवि बनाने का प्रयास कर रहा है। खजुराहो से लोकसभा सांसद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस एमपी के युवाओं को बेरोजगारी के नाम पर गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि कमल नाथ खुद व्यवसायी हैं, लेकिन उन्होंने कभी मध्य प्रदेश में निवेश और उद्योग स्थापित करने के बारे में नहीं सोचा।

## बीसीएलएल ने किया चार मार्गों का विस्तार

# अब भोजपुर तक जाएंगी सिटी बसें

**भोपाल यशभारत।** राजधानी में लोक परिवहन सेवा का संचालन करने वाली बीसीएलएल (भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड) ने प्रमुख चार मार्गों का विस्तार किया है। इसके अनुसार मार्ग क्रमांक 116 पर पुतली घर से बंगरसिया जाने वाली बसें अब भोजपुर तक जाएंगी। ऐसे ही अन्य तीन मार्गों की दूरी बढ़ाई गई है। इससे प्रतिदिन इन क्षेत्रों में रहने वाले 20 हजार से अधिक लोगों को फायदा मिलेगा। साथ ही बीसीएलएल द्वारा 20 पुराने मार्गों पर बसों के फेरे भी बढ़ाए गए हैं।बीसीएलएल ने मार्ग क्रमांक 116 को बंगरसिया से भोजपुर तक बढ़ा दिया गया है। जबकि सूखी सेवनियां तक जाने वाले मार्ग क्रमांक 403 को अटलबिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय तक बढ़ा दिया गया है। सीएनजी बसों की संख्या बढ़ने के बाद से ही मार्गों की दूरी बढ़ाने का क्रम शुरू किया गया है। अभी इन बसों के मार्ग को आसपास के क्षेत्रो तक बढ़ाया गया है। इसके बाद सीहोर, रायसेन और औबेदुल्लागंज तक बढ़ाया जाना है। सड़कों पर सीएनजी से चलने वालीं कुल बसों की संख्या 100 होने के बद यह रूट बढ़ेंगे।



**प्रतिदिन लगभग 20 हजार लोगों को मिलेगा फायदा**

### शहर के हर हिस्से से जुड़ेगी बस सेवा

बीसीएलएल के द्वारा जो नई योजना लाई जा रही है, उसके अनुसार बसों की संख्या वर्ष 2023 में और बढ़ेगी। साथ ही मार्गों का विस्तार इस तरह से किया जाएगा, जिससे शहर का हर हिस्सा उससे जुड़ जाए। सीएनजी बस के आने से अभी फेरे की संख्या 4 थी, जिसे बढ़ाकर 5 कर दी गई।

### देर रात तक मिलेंगी बसें

लो फ्लोर बसों के डिपो में पहुंचने का समय शाम को 7 बजे से शुरू हो जाता है। जिससे कई मार्गों पर लोगों को लो फ्लोर बस नहीं मिल पाती है। ऐसे में डिपो में पहुंचने के समय को बढ़ाया जा रहा है, जिससे लोगों को देर रात तक बस की सुविधा मिल सके। सभी बसें दो शिफ्ट में चल रही हैं, जिससे 16 या 18 घंटे बाद इनका डिपो में लौटना जरूरी हो जाता है।

# जोशीमठ संकट के लिए पावर माफिया जिम्मेदार

## उमा भारती ने की सभी प्रोजेक्ट्स बंद करने की मांग

**भोपाल,ईएमएस।** उत्तराखंड के जोशीमठ में आई आपदा के बीच मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा है कि यहां सभी पावर प्रोजेक्ट तत्काल बंद किए जाएं। जोशीमठ में आई तबाही के लिए पावर माफिया को जिम्मेदार बताते हुए उमा ने बताया कि यह एक दैत्य है जो पूरे देश को निगल रहा है। उमा सोमवार को जोशीमठ पहुंची थीं और मंगलवार शाम वे श्रीनगर चली गईं। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि वे बहुत जल्द फिर जोशीमठ लौटेंगी, लेकिन इससे पहले सरकार को यह विचार करना होगा कि विकास की प्रक्रिया कॉरपोरेट केंद्रित हो या प्रकृति केंद्रित। इससे पहले उमा ने बताया कि जिस पावर प्रोजेक्ट को जोशीमठ की हालत के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है, उस पर उनके मंत्रालय ने 2017 में आपत्ति जताई थी। पावर प्रोजेक्ट की टनल को जोशीमठ के घरों में आई दरारों के लिए दोषी बताया जा रहा है। उमा ने कहा 2017 में सुप्रीम कोर्ट के दिए एफिडेविट में उनके मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट का विरोध किया था। एक ट्वीट में उमा ने लिखा कि 25 फरवरी, 2019 को पीएमओ के शीर्ष अधिकारी ने एक बैठक बुलाई थी। इसमें उन्होंने गंगा को संकट में डालने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए उत्तराखंड के अधिकारियों को फटकार लगाई थी। उन्होंने लिखा कि प्रोजेक्ट चाहे केंद्र के हों या राज्य सरकार के, त्रिवेंद्र सिंह रावत की सरकार के दौरान अधिकारी इनकी मंजूरी के लिए दिल्ली के चक्कर काटते रहते थे। उमा ने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गंगा के लिए चिंतित हैं। जोशीमठ की मौजूदा हालत से जो लोग प्रभावित हुए हैं, उनके लिए केंद्र और राज्य सरकारें चिंतित हैं।



### बेटों द्वारा घर से निकाले जाने पर बुजुर्ग माता-पिता ने जनसुनवाई में लगाई गुहार

**भोपाल यशभारत।** रेलवे पटरी के किनारे नवाब कालोनी में कुछ दिन पहले झुग्गियों को तोड़ा गया था। झुग्गी टूटने के बाद बुजुर्ग माता-पिता अपने चार बेटों के यहां पहुंचे, तो उन्होंने वृद्धाश्रम जाने की सलाह दे डाली। इसके साथ ही अपने साथ घर में रहने से इंकार कर दिया। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे पीड़ित बुजुर्ग माता-पिता को बेटों से भरण-पोषण दिलाने का डिप्टी कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी ने आश्वासन दिया है।आरिफ नगर की नवाब कालोनी निवासी सुल्तान बानो पत्नी सुल्तान ने बताया कि तीसरी रेल लाइन का काम होने के दौरान हमारी झुग्गी तो? दी गई थी। मेरे चार बेटे है, जो अलग रहते हैं। मेरी झुग्गी टूटने के बाद जब मैं उनके पास गई तो उनके द्वारा मुझे अपने साथ रखने से मना कर दिया गया। मुझसे कहने लगे कि तुम लोग वृद्धाश्रम चले जाओ। मेरे पति अत्यधिक बुजुर्ग है, मेरी आयु भी 70 वर्ष है।

# प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि मैं महिलाओं के सम्मान में पहले भी खड़ी थी, अब भी खड़ी हूं

**भोपाल ईएमएस।।** दिल्ली के पूर्व उप-राज्यपाल नजीब जंग समेत 103 सेवानिवृत्त अधिकारियों की आपत्ति के बाद भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने इस मामले में पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मैं महिलाओं के सम्मान के लिए खड़ी हूं और खड़ी रहूंगी। मुझे ऐसे लोगों की परवाह नहीं है, जो मेरा विरोध करते हैं, वे अपनी गिरेबां में झांके। मैं पहले नेता नहीं थी, आज नेता हूं, लेकिन में पहले भी महिलाओं के अधिकार और अच्छे समाज के निर्माण के लिए खड़ी थी और अब भी खड़ी हूं। ये बातें उन्होंने राजधानी में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कही। दरअसल, 25 दिसंबर 2022 को कर्नाटक के शिवमोगा में एक कार्यक्रम के दौरान प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा था कि अपने घरों में हथियार रखो। कुछ नहीं तो कम से कम सब्जियां काटने के लिए चाकू तेज रखो। पता नहीं, क्या स्थिति पैदा हो जाए। अगर कोई हमारे घर में घुसपैठ करता है और हमला करता है, तो मुंहतोड़ जवाब देना हमारा अधिकार है। सांसद ने लव जिहाद पर कहा कि उनके पास जिहाद की परंपरा है, अगर कुछ नहीं है तो वे लव जिहाद करते हैं। सांसद के इस बयान के बाद देशभर के 103 रिटायर्ड आइएएस, आइपीएस और आइएफएस अफसरों ने लोकसभा स्पीकर को कार्रवाई के लिए सात जनवरी 2023 को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया कि प्रज्ञा सिंह ठाकुर का भाषण गैर-हिंदू समुदायों के खिलाफ नफरत फैलाने वाला है। उन्होंने संसद सदस्य होने का नैतिक अधिकार खो दिया है।

पत्र लिखने वालों में दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग समेत मप्र कैडर के पूर्व आइएएस शरदचंद बेहार (पूर्व मुख्य सचिव मप्र), हर्ष मंदर, पूर्व एसीएस प्रवेश वर्मा, रश्मि शुक्ला शर्मा, एके श्रीवास्तव, पूर्व विदेश सचिव शिवशंकर मेनन, भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) के पूर्व अधिकारी एएस दुलत, जूलियो रिबेरो व अमिताभ माथुर तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के पूर्व अधिकारी टीकेए नायर और के सुजाता राव भी शामिल हैं।




## शाहजहांनाबाद में तेज रफ्तार ट्रक ने बालिका को रौंदा, मौत

**भोपाल,यशभारत।** शाहजहांनाबाद थाना इलाके में बुधवार सुबह स्कूल से घर लौट रही कक्षा तीसरी की छात्रा को एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे हुआ। उस वक्त बालिका अपने चाचा के साथ बाइक पर बैठकर स्कूल से घर लौट रही थी। हादसे में बाइक चला रहा उसका चाचा मामूली रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। तभी किसी ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। हादसे के बाद चालक मिनी ट्रक को मौके पर छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने मिनी ट्रक जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आठ वर्षीय सादिया पुत्री साजिद खान, ईदगाह हिल्स इलाके में रहती थी। साजिद का पोल्ट्री फार्म का कारोबार है। सादिया कोतवाली इलाके में स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा तीसरी में पढ़ती थी। रोजाना की तरह छात्रा बुधवार को स्कूल गई थी। सुबह करीब 11:30 बजे उसका चाचा यासिर उसे स्कूल से लेने पहुंचा था। बाइक सवार चाचा-भतीजी घर लौट रहे थे। वे अभी तीन मोहरा गेट के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर गेट से टकरा गई और बच्ची उछलकर मिनी ट्रक के सामने सड़क पर गिर पड़ी। ट्रक का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह देखकर चालक घबरा गया और मिनी ट्रक को वहीं पर छोड़कर भाग गया। बाद में पुलिस ने मिनी ट्रक बरामद कर उसे जब्त कर लिया है। पुलिस चालक की तलाश में जुटी है।

# हाईकोर्ट से स्थगन मिलने के बाद नरोत्तम से मिले कांग्रेस विधायक अजब सिंह कुशवाह, लिया आशीर्वाद

## कहा, मैं कांग्रेस का वफादार सिपाही, नरोत्तम मिश्रा मेरे बड़े भाई

**भोपाल,ईएमएस।** मुरैना जिले के सुमावली से कांग्रेस विधायक अजब सिंह कुशवाह की विधानसभा सदस्यता समाप्त होने का खतरा फिलहाल टल गया है। ग्वालियर के एमपी-एमएलए कोर्ट ने सरकारी जमीन बेचने के आरोप में उन्हें दो वर्ष की सजा सुनाई थी। इस पर उन्होंने हाईकोर्ट में अपील की थी, जहां से मंगलवार को उन्हें स्थगन मिल गया। राहत मिलने के बाद वह भोपाल में प्रदेश के गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने मंत्री का पैर छूकर कहा कि सब कुछ आपकी कृपा से हुआ है। मंत्री ने उन्हें मिठाई खिलाकर कहा, बड़ा काम करके आए हो। उधर, कांग्रेस विधायक की नरोत्तम मिश्रा से इस तरह मुलाकात राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बन गई है। हालांकि, अजब सिंह का कहना है कि इसके कोई मायने नहीं लगाना चाहिए। मैं कांग्रेस का वफादार सिपाही हूं। नरोत्तम मिश्रा मेरे बड़े भाई की तरह हैं, इसलिए मिलने गया था।



गौरतलब है कि दो वर्ष या अधिक की सजा होने पर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत सदस्यता समाप्त किए जाने का प्रविधान है। ऐसे में अजब सिंह की विधानसभा सदस्यता समाप्त होने का खतरा था। विधानसभा सचिवालय ने सदस्यता पर निर्णय के लिए महाधिवक्ता से राय मांगी है। इसी बीच हाईकोर्ट से स्थगन मिलने पर उन्होंने राहत की सांस ली है।बता दें कि इसके पहले खरगापुर के भाजपा विधायक राहुल सिंह लोधी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्थगन दिया। लोधी पर विधानसभा चुनाव में गलत शपथ पत्र लगाने का आरोप है। इसके अलावा अशोकनगर से सिंधिया समर्थक भाजपा विधायक जजपाल सिंह जज्जी के जाति प्रमाण प्रमाण पत्र संबंधी मामले में भी न्यायालय से स्थगन मिला है। इस कारण इन दोनों भाजपा विधायकों की सदस्यता समाप्त होने का खतरा भी फिलहाल टल गया है।

> " मैं और नरोत्तम मिश्रा एक ही क्षेत्र के रहने वाले हैं। वे मेरे बड़े भाई की तरह हैं। मैं कोई काम कहूंगा तो वह करेंगे। मेरी सरकार बनने वाली है तो उनका काम मैं करूंगा।
>
> **- अजब सिंह कुशवाह, कांग्रेस विधायक**

हाईकोर्ट से उन्हें राहत मिल गई है, इसलिए अभी सदस्यता पर निर्णय स्थगित रहेगा। महाधिवक्ता से राय मांगी गई थी, जो सोमवार तक मिलने की उम्मीद है।

## कमल नाथ ने कहा, कहा कि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी कभी मेरे ऊपर उंगली नहीं उठा सकता

**भोपाल यशभारत।** जिस तरह से भाजपा सरकार अधिकारियों और पुलिस पर दबाव बनाकर काम करवा रही है, इससे संकट की स्थिति बनती जा रही है। आपने अपने कैरियर में बहुत कुछ देखा है। जो कर्मचारी अपनी शपथ और जो पुलिसकर्मी अपनी वर्दी की इज्जत नहीं करेगा, उसे पद पर रहने का अधिकार नहीं है। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने कही। वे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी कभी मेरे ऊपर उंगली नहीं उठा सकता। इस बार कांग्रेस की सरकार बनने पर कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी। उन्होंने इंवेस्टर्स समिट पर बोलते हुए कहा कि निवेश विश्वास से आता है, भाषण से नहीं। आज युवाओं को काम चाहिए। नाथ ने कहा कि जो चुनाव सामने हैं, वह बड़ी चुनौती हैं। चुनौती संविधान और संस्कृति को बचाने की है। हमें तय करना होगा कि हमें आने वाली पीढ़ियों को कैसा भविष्य देना है। वर्तमान सरकारें समाज को बिखरा रही हैं। भाजपा गुमराह करने और ध्यान भटकाने की राजनीति करती है। 2014 और 2019 में रोजगार-किसानों की बातें की जाती थीं, अब ध्यान भटकाने के लिए राष्ट्रवाद और खालिस्तान की बातें की जा रही हैं। यदि आपको संस्कृति और संविधान बचाना है तो अगले सात माह का कार्यक्रम बनाएं, हमें जनता के बीच जाकर भाजपा की ध्यान भटकाने की राजनीति का जबाव देना होगा। हमारी सरकार ने 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया। गोशालाएं बनाई, महिलाओं, युवाओं के लिए काम किए, शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाया, माफिया के खिलाफ अभियान चलाया। आपने प्रशासन में काम किया है, आपकी सोच, सूझबूझ, बड़ी जिम्मेदारी है। आप समाज में जैसा संदेश देंगे, वैसा ही होगा। बैठक को प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डीएस राय, कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर राव नायडू, महेन्द्र सिंह, डा. रामप्रसाद सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

## निजी स्कूलों में भी पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षक भर्ती करने पर विचार

**भोपाल,यशभारत।** शिक्षा के अधिकार कानून के प्रविधानों पर ध्यान देते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी निजी स्कूलों में पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षक रखने पर विचार कर रहे हैं। इसके लिए दो वर्ष में एक बार पात्रता परीक्षा कराने की चर्चा शुरू हुई है। अब इस पर विस्तार से विचार कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। ऐसा होने पर उन तीन लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों को नौकरी मिल सकेगी, जो 2018 की शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण हैं पर नौकरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के इस कदम से निजी स्कूलों की पढ़ाई में भी सुधार आएगा। अब विभाग के अधिकारी भी मान रहे हैं कि ऐसा करने से विद्यार्थियों को लाभ होगा। अधिकारियों ने इस पर विचार शुरू कर दिया है पर ब?ी समस्या पात्रता परीक्षा आयोजित कराना है। देखने में आया है कि सरकारी स्कूलों में खाली शिक्षकों के पदों को भरने के लिए भी हर साल परीक्षा कराना संभव नहीं हो रहा है।



# शिक्षा के साथ मिला हुनर का साथ तो संवर गया 42 हजार विद्यार्थियों का भविष्य

## प्रदेश के 530 सरकारी कालेजों में दो लाख 33 हजार विद्यार्थी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के तहत किए गए प्रशिक्षित!

**भोपाल,यशभारत।** रोजगार को लेकर युवा परेशान हैं। पढ़ाई पूरी करने के बावजूद नौकरियां नहीं मिल रहीं। ऐसे में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना ने प्रदेश के 42 हजार विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ हुनरमंद बनाकर नौकरी दिलाई है। इसमें व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की भी बड़ी भागीदारी रही है। अब ये विद्यार्थी हर माह 18 से 35 हजार रुपये तक कमा रहे हैं। विभिन्न योजनाओं और पाठ्यक्रमों के तहत दो लाख 33 हजार विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है। यह स्थिति दो वर्षों में बदली है, इसके पूर्व भी कालेजों में पढ़ाई के दौरान कई विद्यार्थियों को नौकरी मिली है।बता दें कि प्रदेश के 530 सरकारी कालेजों में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के तहत प्रशिक्षण आयोजित कर विद्यार्थियों को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसमें 25 प्रकार के स्वरोजगार के गुण सिखाए जा रहे हैं। वहीं, इस योजना के तहत करीब दो लाख 33 हजार विद्यार्थियों का पंजीयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कालेजों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम को शामिल किया गया है। इस सत्र में 10 नए व्यावसायिक पाठ्यक्रम स्नातक प्रथम वर्ष में शामिल किए गए हैं, जिनका उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ना है। इन सभी के तहत विद्यार्थी पढ़ाई के साथ हुनर सीख रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। स्नातक में ये व्यावसायिक पाठ्यक्रम शामिलइस सत्र में स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को चार प्रकार के कंप्यूटर व लैंग्वेज स्किल, उद्यमिता, व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही पर्यटन, सत्कार, डेरी, ऊर्जा आदि को भी जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा उच्च शिक्षा विभाग ने सूक्ष्म लघु उद्योग, कृषि, पशुपालन, पर्यटन विभाग, खनिज, ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय विभाग से भी अनुबंध किया है। इसके तहत विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के साथ रोजगार भी मिलेगा। इस योजना के तहत प्रदेश के कालेजों में रोजगार मेला का आयोजन भी किया जाता है। प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में आयोजित रोजगार एवं करियर अवसर मेलों और कौशल उन्नयन के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान किया जाता है। विद्यार्थियों ने बैंकिंग, फार्मा, कोरियर सर्विस, माइक्रो फाइनेंस एवं स्माल फाइनेंस, सुरक्षा सेवा, बायो टेक्नोलाजी, एग्रोटेक, टेक्सटाइल सहित अन्य निजी क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त किए हैं। विद्यार्थियों को डेरी, ब्यूटी पार्लर, बुटीक, केक निर्माण, वर्मी कंपोस्ट निर्माण, फिनाइल व सैनिटाइजर बनाना, एलईडी बल्ब, जैविक खाद तैयार करना, मछली पालन सहित अन्य प्रकार के स्वरोजगार से संबंधित प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के माध्यम से सरकारी कालेजों में उद्यमिता शिविर आयोजित किए जाते हैं। इसमें विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर उनकी बिक्री की जाती है।

# प्रचंड फॉर्म में पृथ्वी साव, 379 रन ठोके, गावस्कर पुजारा-लक्ष्मण सभी को पीछे छोड़ दिया



**गुवाहाटी,एजेंसी।** ओपनर पृथ्वी साव का तूफानी फॉर्म जारी है। असम के खिलाफ मुंबई के इस धाकड़ सलामी बल्लेबाज ने 383 गेदों में 379 रन ठोके। 49 चौके और 6 छक्के की मैराथन पारी के दौरान पृथ्वी ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। अब वह रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। हैदराबाद के खिलाफ लगाए गए संजय मांजरेकर के नाबाद 377 रन का स्कोर पीछे छूट चुका है। सबसे आगे बीबी निंबलकर हैं, जिन्होंने 75 साल पहले सौराष्ट्र के खिलाफ नाबाद 443 रन बनाए थे। पृथ्वी साव जिस अंदाज में बैटिंग कर रहे थे, लग रहा था कि 400 रन आसानी से पार कर जाएंगे, लेकिन स्पिनर रियान पराग ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट किया। अब पृथ्वी मुंबई रणजी टीम की इतिहास के सबसे स्कोरर भी चुके हैं। आज मैच के दूसरे दिन अपने कल के स्कोर 240 रन से उन्होंने पारी आगे बढ़ाई और देखते ही देखते तिहरा शतक ठोक दिया। गुवाहाटी में जारी ग्रुप-बी मैच में स्टंप्स के समय उनके साथ 73 रन बनाकर खेल रहे कप्तान अजिंक्य रहाणे शतक बना चुके हैं। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 401 रन की ऐतिहासिक साझेदारी हुई। इससे पहले पृथ्वी ने डेब्यू कर रहे मुशीर खान (42) के साथ पहले विकेट के लिए 123 और अरमान जाफर (27) के साथ दूसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़े थे।

### गावस्कर-पुजारा-लक्ष्मण सब पिछड़े

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने घरेलू क्रिकेट में अपना पहला तिहरा शतक सिर्फ 326 गेंदों में बनाया और इसके बाद गियर बदलते हुए 100 की स्ट्राइक रेट से रन बनाने लगे। 23 वर्षीय ने रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए महान भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर के 340 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ा फिर भारत के टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा और वीवीएस लक्ष्मण के टोटल को भी पीछे छोड़ दिया। पुजारा ने रणजी ट्रॉफी के 2012-13 सीजन में कर्नाटक के खिलाफ सौराष्ट्र के लिए 352 रन बनाए थे, जबकि लक्ष्मण ने 1999-2000 सीजन में हैदराबाद के लिए कर्नाटक के खिलाफ 353 रन बनाए थे।

### पृथ्वी साव ने फिर ठोका टीम इंडिया का दरवाजा

पृथ्वी साव ने भारत के लिए भारत के लिए पांच टेस्ट मैच खेले हैं, आखिरी मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17-19 दिसंबर, 2020 को एडिलेड में खेला था। बीसीसीआई चयन समिति ने अभी तक न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा नहीं की है, और साव के तिहरे शतक ने निश्चित रूप से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए पर्याप्त किया है। दिल्ली कैपिटल्स के इस क्रिकेटर को घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म के बावजूद चयनकर्ताओं ने लगातार नजरअंदाज किया, लेकिन अब इस रिकॉर्ड तोड़ पारी के साथ उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल होगा।



# खूबसूरत ही नहीं, जांबाज भी हैं... खिलाड़ी ने नहीं पहना हिजाब तो ईरान से मिली धमकी!

नई दिल्ली, एजेंसी। ईरान की बेहद खूबसूरत शतरंज खिलाड़ी सारा खादेम ने कजाकिस्तान में एक ऐसा कारनामा कर दिया, जिसकी शायद ही किसी को उम्मीद रही होगी। इस युवा खिलाड़ी ने टूर्नामेंट के दौरान हिजाब नहीं पहनते हुए अपने देश ईरान के कट्टरपंथियों के दिलों में आग ला दी है। अब इस खिलाड़ी को स्वदेश नहीं लौटने को कहा गया है। उसे धमकी मिल रही है। सारा ने ईरान में जारी क्रांति को सपोर्ट किया और टूर्नामेंट में रूस की ओल्गा गिरिया के खिलाफ बिना हिजाब और सिर ढंके गेम खेला। यह तस्वीर सामने आते ही ईरान में बवाल मच गया। उन्हें चेस फेडरेशन के अधिकारियों की ओर से घर नहीं लौटने की बात कही गई।

### ईरान में मचा बवाल

1997 में जन्मी सारा स्नढ्ढष्ठश्व ड्डश्वह्म्यस्त्र ऋड्डश्वद्बस्र और क्वद्बह्ल5 ष्द्धद्गह्यह्य ष्द्धड्डद्वश्चद्बश्ठ्ठह्यद्धद्बश्चह्य में हिस्सा लिया। उन्होंने दोनों ही टूर्नामेंट में हिजाब से दूरी बनाए रखी। इससे उनके देश में बवाल मच गया और लगातार उन्हें धमकाया जा रहा है।

### फिर भी लौटेगी स्वदेश

एक बयान में सारा ने बताया कि उन्हें देश से लगातार कॉल आ रहे हैं और धमकाया जा रहा है। इसपर उन्होंने कहा कि वह स्वदेश लौटेंगी और इस समस्या को खत्म करेंगी। इस बयान के बाद सभी सारा की दिलेरी की तारीफ कर रहे हैं।

### फिल्ममेकर से की है शादी, मानी जाती हैं मॉडर्न

2017 में फिल्ममेकर और शो प्रजेंटर अरदेशीर अहमदी से शादी करने वाली सारा काफी मॉडर्न मानी जाती हैं। वह सोशल मीडिया पर भी अक्सर बिना हिजाब की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।

### धमकी मिलते ही कजाकिस्तान में मिली सिक्योरिटी

इस बारे में जब कजाकिस्तान को पता चला तो तुरंत खादेम को सिक्योरिटी उपलब्ध कराई गई। उन्हें 4 बॉडीगार्ड्स दिए गए, जो महिला खिलाड़ी के होटल रूम के बाहर भी पहरा दे रहे हैं।

# नीरज चोपड़ा के मुरीद हुए 4 बार के ओलिंपिक चैंपियन जॉनसन, ट्रेनिंग देकर लिखी बड़ी बात





**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने टोक्यो 2020 में गोल्ड मेडल जीता था। वह ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले भारत के सिर्फ दूसरे एथलीट थे। वहीं एथलेटिक्स इवेंट में यह भारत का पहला ही गोल्ड था। उसके बाद से नीरज चोपड़ा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा है। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी मेडल जीता था। इस प्रदर्शन से न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर में नीरज को पहचान मिली और उनकी चर्चा होने लगी।


### महान माइकल जॉनसन भी हुए फैन

अमेरिका के महान एथलीट भी नीरज चोपड़ा के फैन हो गए हैं। स्प्रिंटर जॉनसन के नाम ओलिंपिक में 4 जबकि वर्ल्ड चैंपियनशिप में 8 गोल्ड हैं। नीरज चोपड़ा जैवलिन थ्रोअर हैं लेकिन उनकी ट्रेनिंग किसी स्प्रिंटर से कम नहीं होती है। उनकी ट्रेनिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस वीडियो में वह स्प्रिंटिंग की ट्रेनिंग कर रहे हैं। नीरज की वीडियो को शेयर करते हुए माइकल जॉनसन ने लिखा, वह जैवलिन थ्रोअर हैं! ओलिंपिक चैंपियन जैवलिन थ्रोअर, लेकिन जैवलिन थ्रोअर। स्प्रिंटर और जम्पर मूवमेंट के साथ! नीरज चोपड़ा ने इस पोस्ट के कमेंट में लिखा- अब मेरे पास आपका अप्रूवल है। सीजन के लिए स्प्रिंट का कैलेंडर चेक कर रहा हूं। उन्होंने नीरज चोपड़ा का एक और वीडियो शेयर किया। इसमें नीरज बैक स्ट्रेच कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए जॉनसन ने लिखा- नीरज चोपड़ा की तरफ कुछ और आश्चर्यजनक एथलेटिसिजम।

### सर्वकालीन महान एथलीट में शामिल जॉनसन

माइकल जॉनसन की गिनती सर्वकालीन महान एथलीट में होती है। एक समय उनके नाम 200 मीटर और 400 मीटर का वर्ल्ड रिकॉर्ड था। वह अभी भी एक ही ओलिंपिक में 200 और 400 मीटर इवेंट में गोल्ड जीतने वाले एकमात्र स्प्रिंटर हैं। उन्होंने अपने करियर में कभी सिल्वर का ब्रॉन्ज मेडल नहीं जीता।

# आर्यन खान संग रिलेशनशिप पर पाकिस्तानी एक्ट्रेस सादिया खान का खुलासा, बताई तस्वीर के पीछे की सच्चाई



मुंबई, ईएमएस। पिछले कुछ दिनों से शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का नाम पाकिस्तानी एक्ट्रेस-मॉडल सादिया खान से जोड़ा जा रहा है। लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं, लेकिन अब सादिया ने ही इन अफवाहों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने डेटिंग की सारी खबरों को बेसलेस बताया है। साथ ही बिना पूरी पिक्चर जाने इस तरह की बातें बनाने की वजह से अपना गुस्सा भी जाहिर किया है। उन्होंने आर्यन को स्वीट और वेल-बिहेव लड़का बताया है। आइये जानते हैं कि उन्होंने आर्यन और उनके रिलेशनशिप की खबरों को लेकर क्या-क्या कहा है। Sadia Khan मॉडल और एक्ट्रेस हैं। उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान (Aryan Khan) संग फोटो शेयर की थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा था, थ्रोबैक टू द न्यू ईयर ईव। फोटो में सादिया ने ब्लैक कलर की ड्रेस और ओवरकोट पहना था, जबकि आर्यन व्हाइट कलर की जैकेट, मैरून टी और ब्लू डैनिम में नजर आए थे। हाल ही में आर्यन और उनकी बहन सुहाना खान नए साल से पहले दुबई में एक पार्टी में शामिल हुए थे।

### सादिया का भड़का गुस्सा

एक तरफ सादिया के साथ आर्यन खान की डेटिंग की खबरें वायरल हो रही थीं तो दूसरी तरफ ये भी कहा जा रहा था कि वो नोरा फतेही को डेट कर रहे हैं। इस बारे में बात करते हुए सादिया ने हाल ही में यूएई के सिटी टाइम्स से कहा, ये बहुत अजीब है कि कैसे लोग पूरी तस्वीर जाने बिना मेरे और आर्यन के बारे में कहानियां बना रहे हैं। खबरों के नाम पर जो कुछ भी हो रहा है, इसकी एक लिमिट होनी चाहिए। उन्होंने खुलासा किया कि दोनों न्यू ईयर ईव पार्टी में मिले थे, जहां उन्होंने बाकियों की तरह ही बात की और फोटोज क्लिक कीं।

### सादिया ने अफवाहों को किया खारिज

Sadia ने आगे कहा, इसका मतलब ये नहीं है कि हम डेटिंग कर रहे हैं। मैं अकेली नहीं हूं, जिसने आर्यन के साथ फोटोज लीं, कुछ और लोग थे, जिन्होंने फोटोज क्लिक कीं और उन्होंने उन्हें अपलोड भी किया, लेकिन फिर भी मैं वो हूं, जिसकी फोटोज चारों तरफ वायरल हो रही हैं। उन्होंने ये भी कहा, मैं सभी अफवाहों का खंडन करती हूं और कहूंगी कि आर्यन बहुत प्यारा और बहुत अच्छा व्यवहार करने वाला लड़का है। इसलिए कृपया हमारे बारे में इन सभी बेसलेस अफवाहों को बंद करें। प्यार और सम्मान।

### सुहाना भी कर रही हैं डेब्यू

गौरतलब है कि आर्यन खान, शाहरुख खान और डिजाइनर गौरी खान के बड़े बेटे हैं। उनकी एक बहन हैं, सुहाना खान, जो जल्द ही जोया अख्तर की नेटफ्लिक्स मूवी द आर्चीज से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने वाली हैं। उनका एक छोटा भाई है अबराम, जिसका जन्म साल 2013 में सरोगेसी से हुआ था।

### वेब सीरीज लेकर आएंगे आर्यन

पिछले साल आर्यन खान ने खुलासा किया था कि उन्होंने अपने पहले प्रोजेक्ट (एक वेब सीरीज) की स्क्रिप्ट पूरी लिख ली है। प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के मुताबिक वो इसका डायरेक्शन भी करेंगे। ये इस साल फ्लोर पर आने के लिए तैयार है। आर्यन ने इसकी अनाउंसमेंट करते हुए इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की थी और लिखा था, राइटिंग पूरी हो गई है... एक्शन कहने का इंतजार नहीं कर सकता। फिल्मों के अलावा आर्यन के बिजनस वेंचर्स भी हैं।

# सुबह उठते हीनाटू नाटू पर डांस करने लगे शाहरुख, कहा- ऑस्कर लेकर आओ तो प्लीज मुझे छूने देना





**मुंबई, ईएमएस।** एक तरफ फिल्मपठान अपने ट्रेलर को लेकर चर्चा में हैं। मंगलवार को शाहरुख खान की इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज़ हुआ जिसके बाद से सोशल मीडिया पर इंडस्ट्री के फ्रेंड्स से उन्हें जमकर बधाइयां मिलने लगीं। वहीं दूसरी तरफ साउथ की फिल्म ऋक्कने भी गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीता है और शाहरुख ने भी इसे स्पेशल अंदाज में सेलिब्रेट किया है।फिल्म ऋक्कको लेकर इंडियन मीडिया में और फिल्म इंडस्ट्री में धूम मची हुई है, जो ऑस्कर अवॉर्ड के लिए भी शॉर्टलिस्ट है। अबपठान एक्टर शाहरुख ने ट्विटर पर मेगा स्टार राम चरण से ऑस्कर अवॉर्ड को छूने देने की बात कर रहे, जो इंटरनेट पर छाया हुआ है।

### शाहरुख ने कही ऑस्कर अवॉर्ड को छूने की बात

शाहरुख खान ने राम चरण के इस ट्वीट पर जवाब देते हुए कहा,थैंक यू सो मच, मेरे मेगा पावर स्टार राम चरण। जब आपकी ऋक्कटीम ऑस्कर लेकर भारत पहुंचेगी तो प्लीज मुझे उसे छूने दीजिएगा। राम चरण के अलावा एस.एस. राजामौली ने भी पठान के ट्रेलर की तारीफ की थी।

### सुबह उठकर कर रहेनाटू नाटू पर डांस

शाहरुख खान ने राजामौली के ट्वीट पर जवाब देते हुए फिल्म ऋक्कको मिले गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड को सुबह-सुबह सेलिब्रेट करने की बात कही है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा है- सर अभी-अभी उठा हूं औरनाटू नाटू पर डांस करना शुरू कर दिया ताकि गोल्डन ग्लोब में आपकी जीत को सेलिब्रेट कर सकूं।

### गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में RRR की जीत


बता दें कि अमेरिका में आयोजित 80वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में ऋक्क के सॉन्गनाटू नाटू ने बाजी मार ली है। इस गाने को बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड मिला है और इस वक्त भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सभी लोग इस मौके को सेलिब्रेट करते नजर आ रहे हैं।

### शाहरुख ने राम चरण से कही दिल चुराने वाली बात

दरअसल फिल्म पठान के ट्रेलर रिलीज होते ही RRR एक्टर राम चरण ने उनकी इस फिल्म की तारीफ की और फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने शाहरुख खान के एक्शन सीन की भी तारीफ की और कहा कि उनके एक्शन सीन को देखने का और इंतजार नहीं हो पा रहा। शाहरुख खान ने राम चरण के इसी ट्वीट का जवाब दिया और बदले में जो कहा वह दिल चुराने वाला है।

# नीम करोली बाबा का आशीर्वाद, वृंदावन में राधे-राधे, विराट के फैंस बोले- कोई खाली हाथ नहीं लौटता


**गुवाहाटी,एजेंसी।** विराट कोहली के धमाकेदार शतक के बूते भारत ने श्रीलंका को पहले एकदिवसीय में 67 रन से हराया। टॉस गंवाकर भारत ने छह विकेट पर 373 रन बनाए। विराट के बल्ले से 88 गेंद में 113 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी निकली। जवाब में श्रीलंका आठ विकेट पर 306 रन ही बना पाया। 45वां वनडे शतक लगाते वाले कोहली मैन ऑफ द मैच चुने गए। विराट की सेंचुरी पूरा करते ही सोशल मीडिया पर नीम करोली बाबा भी ट्रेंड करने लगे। लोगों का कहना है कि यह शतक बाबा के आशीर्वाद से ही आया है क्योंकि अपने दर पर माथा टेकने वालों को नीम करोली बाबा कभी खाली हाथ नहीं लौटाते।दरअसल, विराट अपनी कामयाबी के लिए बाबा नीम करोली से आशीर्वाद मांगते हैं। बाबा नीम करोली को हनुमान जी का अवतार माना जाता है। बीते दिनों विराट अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका के साथ उत्तराखंड स्थित आश्रम पहुंचे थे। बाबा ने 1964 में उत्तराखंड में कुमाऊं की पहाड़ियों के बीच आश्रम की स्थापना की थी। आश्रम नैनीताल से करीब 40 किलोमीटर दूर है। दिल्ली में भी नीम करोली बाबा का आश्रम बना हुआ है, महरौली में स्थित है। ऋषिकेश में भी बाबा का भव्य सुंदर सा आश्रम है। उत्तरप्रदेश के अकबरपुर में 1900 के आसपास में जन्में बाबा नीम करोली का वास्तविक नाम लक्ष्मीनारायण शर्मा था। 17 साल की उम्र में ही उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हो चुकी थी। 1958 में घर त्यागने के बाद बाबा 1961 में बाबा पहली बार यहगां पहुंचे और 1964 में आश्रम की स्थापना की। नीम करोली बाबा के भक्तों में सिर्फ हिंदुस्तानी ही नहीं बल्कि विदेशी भी शामिल हैं। बॉलीवुड, हॉलीवुड समेत कई बड़े राजनेता नीम करोली बाबा के दर पर माथा टेकने आते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट में फैंस कोहली के इस शतक को बाबा नीम करोली का प्रताप बता रहे हैं।






# सेट पर घायल हुईं नुसरत भरूचा के चेहरे पर लगे टांके, क्लिनिक से सामने आई तस्वीरें

**मुंबई,एजेंसी।** रामसेतु फिल्म एक्ट्रेस नुसरत भरूचा के सेट पर घायल होने की खबरें सामने आई हैं। छोटी 2 के सेट पर एक्ट्रेस एक हादसे का शिकार हो गई। इस दौरान उन्हें चोट लगी और टांके भी आए हैं। इंस्टाग्राम इशिता राज ने एक वीडियो शेयर किया। जिसमें वह नुसरत भरूचा के साथ डॉक्टर के क्लिनिक पर नजर आ रही हैं। वह दिखाती हैं कि नुसरत एक छोटे हादसे का शिकार हो गई। इस दौरान उन्हें मामूली चोट भी लगी। जैसे ही नुसरत के फैंस को इस घटना के बारे में पता चला तो वह चिंता में आ गए। वह सोशल मीडिया पर रिएक्ट कर उनका हाल-चाल लेने लगे। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में एक्ट्रेस इशिता राज और Nushrratt Bharuccha नजर आ रही हैं। इशिता ने ही इस वीडियो को बनाया और वह दिखाती हैं कि नुसरत को चोट लगी है। एक्ट्रेस क्लिनिक में बेड पर लेटी हैं और डॉक्टर उनकी चोट पर टांके लगा रहे हैं। इस दौरान नुसरत कहती हैं कि मुझे टांके लगाए जा रहे हैं। इस पर इशिता कहती हैं कि आपकी आइब्रो पर ये कट काफी हॉट लग रहा है।





### नुसरत भरूचा की डॉक्टर ने क्या कहा


वीडियो में नुसरत की डॉक्टर कहती हैं कि वह जल्द ठीक हो जाएंगी। इस चोट के निशान भी चले जाएंगे और परेशान मत हो। बताया जा रहा है कि नुसरत भरूचा अपनी आने वाली फिल्म छोरी 2 की शूटिंग कर रही थीं। सेट पर वह चोटिल हो गई। उनके चेहरे और कोहनी पर चोट आई है।

### अक्षय कुमार की एक और फिल्म में नुसरत भरूचा

अक्षय कुमार के साथ नुसरत हाल में ही रामसेतु जैसी बड़ी फिल्म में नजर आई थीं। अब उन्हें एक्टर के साथ नई फिल्म सेल्फी भी मिल गई है। सेल्फी में इमरान हाशमी और डायना पेंटी भी नजर आएंगे। नुसरत की अपकमिंग फिल्मों में छोरी 2 भी है। छोरी साल 2021 में ओटीटी पर रिलीज हुई थी जिसे विशाल फुरिया ने डायरेक्ट किया था।

# ठंड में दिल का ऐसे रखें ख्याल, नेचुरल डाइट लें, प्रोटीन पाउडर से करें परहेज

**लोकप्रिय कार्यक्रम यशभारत प्राइम टाइम में शहर के ख्यातिलब्ध हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ.पुष्पराज पटैल ने ठंड में दिल को महफूज रखने के संबंध में यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने विशेष चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर पटैल ने बताया कि हृदयाघात चिंता का विषय है। हार्ट अटैक की समस्या खास कर के यंग ऐज में होना घातक है और एक्सरसाईज के दौरान इस तरह की घटनाएं आजकल अचानक बढ़ गयी है, उन्होंने कहा कि खासकर कोविड के बाद में ऐसे केस ज्यादा देखने को मिले हैं कोविड से पहले ऐसे केसेज काफी कम हुआ करते थे।**




## धीरे-धीरे करें एक्सासाइज

उन्होंने बताया कि जिम एक अच्छी चीज है स्वस्थ्य रखने के लिये लेकिन हो सकता है कि उसमें कुछ असावधानियां हो रही हों। जिससे लोगों को खतरा बढ़ जाता है। ऐसा भी हो सकता है कि लोग सडन एक्सरसाइज करने लगते हों। जिसके लिए चाहिये कि थोडा बॉडी को वार्मअप करें उसके बाद धीरे-धीरे एक्सासाइज करें। क्योंकि जब बहुत हैवी एक्सरसाइज करते हैं तो वो भी शरीर के लिए हार्मफुल होती है। जिसमें कि एनरोगिक मेटाबॉलिज्म बढ़ता जाता है कार्बन डाईआक्साईड शरीर में बढ़ती जाती है ये बॉडी के लिये नुकसानदायक होती है और जैसा कि अभी देखने को मिल रहा है कि हार्ट अटैक के केसेज बढ़ रहे हैं। इस दौरान डॉ.पुष्पराज पटेल ने सलाह देते हुये कहा कि बहुत रिग्रेस एक्सरसाईस न करके जो कि एक भय पैदा हो रहा है जिम के दौरान, इसलिये कार्डियक एक्सरसाईज हैं जो ट्रेड मिल वॉकिंग, जॉगिंग ये ज्यादा करें। बहुत हैवी एक्सरसाईज से फिलहाल कुछ समय के लिए परहेज करें।

## प्रोटीन पाउडर लेना कितना सही ?

कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर पुष्पराज पटैल ने प्रोटीन पाउडर के विषय में कहा कि ऐसे युवा जो कि शरीर सौष्ठव के लिये जिम ज्वाइन करते हैं जो उनके जिम ट्रेनर्स हैं वे उन्हें सलाह देते हैं कि प्रोटीन पाउडर लें। प्रोटीन पाउडर में स्ट्रॉयड होते हैं जो कि मसल मास बढ़ाते हैं। इसमें जो मसल हैं वो मोटी दिखने लगती हैं किन्तु इसमें ताकत नहीं होती है। जिस प्रकार हम गाय भैंसों को ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन देते हैं जिसकी वजह से दूध ज्यादा बनता है और निचुड़ जाता है, लेकिन वो इतना पॉष्टिक नहीं होता है। जितना होना चाहिये। उसी प्रकार से प्रोटीन पाउडर स्ट्रॉयड की वजह से शरीर को खोखला बनाती हैं, हड्डियों को कमजोर करती हैं जिससे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर ये सब प्रॉब्लम्स होने लगती हैं।



**यशभारत प्राइमटाइम में शहर के ख्यातिलब्ध हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ.पुष्पराज पटैल से यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने की विशेष चर्चा**

## प्राकृतिक डाइट लें, रहेंगे हमेशा स्वस्थ्य

लोकप्रिय कार्यक्रम प्राइम टाइम के दौरान डॉक्टर पटैल ने कहा कि यदि आप एक्सासाइज करते है तो प्राकृतिक डाइट लें, प्रोटीन पाउडर के चक्कर में ना पड़ें हमारी नेचुरल डाइट में भरपूर मात्रा में प्रोटीन है। खाने में प्रोटीन की मात्रा जिसमें ज्यादा है वो ही भोजन करें। इससे आप हमेशा स्वस्थ और तरोताजा रहेंगे।

## वार्किंग में जाने से पहले ध्यान दें....

कार्यक्रम के दौरान श्री पटैल ने कहा कि वातावरण में पहले की अपेक्षा अब बहुत बदलाव आ चुके है। पहले हमारे बुजुर्ग सुबह जल्दी उठकर चले जाते थे लेनिक अब पॉल्युशन है या खाने पीने में जो मिलावट हो वो सभी का स्वास्थ्य प्रभावित कर रही हैं। इन सब को देखते हुये अब आप वार्किंग में तब जाएं जब धूप निकल आए और ठंड थोड़ी कम हा जाए।

## महिलाओं में पुरूषों की तुलना में गंभीर हार्ट अटैक

डॉ.पुष्पराज ने जानकारी देते हुये बताया कि पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं में गंभीर हार्ट अटैक की संख्या ज्यादा होती है। रिसर्च में देखा गया है कि महिलाओं में स्टेजन हार्मोन होते हैं वो हार्ट अटैक से बचाते हैं किन्तु मीनोपॉस के बाद 55 वर्ष की उम्र तक दोनों की संख्या में रिस्क बराबर हो जाती है।

## हर उम्र में देखे जा रहे हार्ट अटैक

पुरूषों में 30 वर्ष और महिलाओं में लगभग 35 वर्ष में ही हार्ट की समस्याएं आ रही हैं। इस उम्र में डैथ रेशियो बहुत ज्यादा हो रही है। यंग ऐज में ओल्ड ऐज की अपेक्षा डैथ रेशियो ज्यादा देखने को मिल रहा है इसलिये ऐसे मरीजों को ज्यादा ध्यान देना होता है।



## एसपी ऑफिस में चालानी कार्रवाई

# अरे प्रभु पुलिस में हूं मेरा भी चालान काटोगे का बिल्कुल ! एसपी सर के आदेश हैं

**जबलपुर, यशभारत।** हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने कार्रवाई तेज कर दी है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि आज गुरूवार को जब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे ऐसे वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई जो बगैर हेलमेट के वाहन लेकर पहुंचे थे। मजेदार बात यह है कि इस दौरान पुलिस कर्मियों पर भी चालानी कार्रवाई की गई। चालान काट रहे हैं पुलिस कर्मियों से बहस भी हुई, यह सुनने को मिला कि वह पुलिस में है उनको चालानी कार्रवाई से दूर रखा जाए परंतु चालानी कार्रवाई कर रहे पुलिस कर्मियों का कहना था कि एसपी सर के आदेश है इसमें किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया था। इस दौरान लोगों को संदेश देते हुए पुलिस ने दो पाहिया वाहन चालकों से हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने का अनुरोध किया था। जागरूकता रैली के समय पुलिस ने हेलमेट नहीं लगाने वाले लोगों को चेतावनी भी दी थी कि अगर बगैर हेलमेट के वाहन चलाते पकड़े जाने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## चौराहों पर लगी चैकिंग

एसपी के निर्देश पर आज शहर के विभिन्न चौराहों पर पुलिस का चैकिंग अभियान लगा हुआ है। हेलमेट बगैर गाड़ी चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई जारी है। बताया जा रहा है कि हेलमेट को लेकर की जा रही कार्रवाई को लेकर कई वाहन चालक बहस के साथ राजनीतिक एप्रोच बताकर धौंस दिखाते हैं। हालांकि पुलिस हेलमेट अभियान को लेकर सख्ती बरत रही है किसी भी तरह की एप्रोच बताने पर भी चालानी कार्रवाई को नहीं रोका जा रहा है।

## आज 2 लाख 49 हजार वसूला जुर्माना

पुलिस ने वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए आज 11 जनवरी 2022 को 998 चालान काटते हुए 2 लाख 49 हजार 500 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। एक ही दिन में इतनी बड़ी तादात में कार्यवाही करने पर संस्कारधानी ने इतिहास रच दिया है।

# जबलपुर पुलिस ने गुजरात से आरोपी को किया गिरफ्तार

## 9वीं की छात्रा का अपहरण कर 20 दिन तक करता रहा ज्यादती

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर थाना अंतर्गत अमखेरा में एक नौवीं की छात्रा का अपहरण कर बलात्कार करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। आरोपी 17 वर्षीय किशोर ने छात्रा को अपने प्रेम के जाल में फांसकर, गुजरात के सूरत ले गया था, जहां उसके साथ बीस दिनों तक हैवानियत करता रहा। वहीं, किशोरी के घर से अचानक गायब होने के बाद परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने आरोपी को गुजरात के सूरत से दबोच लिया। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत परिजनों ने शिकायत की थी कि उनकी नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरी घर से अचानक लापता हो गयी है। परिजनों ने आसपास सहित किशोरी की सहेलियों, रिश्तेदारों और मोहल्लेवालों से पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने बारीकी से छानबीन की तो किशोरी गुजरात के सूरत में एक किराए के मकान में मिली। जिसे दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।



### प्रेम के जाल में फांसा

पुलिस ने बताया कि अभिरक्षा में लिए गए किशोर ने बताया कि छात्रा को स्कूल आते जाते वह देखता था और बाद में किशोरी से बात कर, उसका मोबाइल नंबर निकाला और प्रेम के जाल में फांस लिया।

### सूरत ले जाकर किराए के मकान में रखा

पकड़ा गए आरोपी ने किशोरी का जबलपुर से अपहरण कर गुजरात के सूरत ले गया। जहां उसने किशोरी को किराए के मकान में रखा और करीब बीस दिनों तक ज्यादती करता रहा।

### कॉल डिटेल से लगा सुराग

पुलिस ने बताया कि किशोरी के गायब होने के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि एक किशोर भी उसी मोहल्ले से गायब है। जिसके बाद पुलिस को शक हुआ और जब कॉल डिटेल खंगाली गई तो पुलिस का शक यकीन में बदल गया।

### सूरत पहुंची टीम तो मजदूरी करते मिला किशोर

पुलिस ने बताया कि पर्याप्त सबूत होने के बाद टीम गठित कर जबलपुर पुलिस गुजरात के सूरत पहुंची तो आरोपी एक कंपनी में मजदूरी करते हुआ मिला जो पुलिस को देखकर फरार हो गया था, लेकिन मुस्तैद पुलिस ने एसआई शैलेन्द्र सिंग, प्रधान आरक्ष्क राघवेन्द्र, आरक्षक आलोक और सायबर सेल की मदद से आरोपी को दबोच लिया।.

## बीच रास्ते रोककर युवक को घोंपी चाकू

जबलपुर, यशभारत। हनुमानताल में पुरानी रंजिश को लेकर युवक को बीच रास्ते रोककर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर लहूलुहान कर दिया और मौके से आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 15 वर्षीय किशोर निवासी पचकुईया हनुमानताल ने बताया कि वह कुटी से अपने साथी समीर के साथ जा रहा था तभी भट्टा मोहरिया के पास गुलाब एवं मोनू चायना निवासी बड़ा मदार छल्ला तथा नईम मिले ।

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंड़लियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
व्यावसायिक पूछताछ 9826035091
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

# संभाग कमिश्नर के आदेश पर भारी पड़ेंगे मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के कुलपति

**विवादित डिप्टी रजिस्टार को दोबारा विवि में पदस्थ करने की तैयारी**

**जबलपुर, यश भारत।** मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी में एक बार फिर संभाग कमिश्नर के आदेश और निर्णय को दरकिनार कुलपति मनमानी में उतारू हैं। दरअसल एक ऐसे डिप्टी रजिस्टार को दोबारा लाने की कोशिश तेज हो गई जिसका नाता विवादों से रहा है। डिप्टी रजिस्टार की गलत गतिविधियों को देखकर कमिश्नर ने विवि से हटा दिया था लेकिन कुलपति पीछे के दरवाजे से विवादित डिप्टी रजिस्टार को विवि में लाना चाहते हैं जिसकी लगभग तैयारियां पूरी हो चुकी है।



### इन कारणों से हटाए गए थे डिप्टी रजिस्टार

कुछ समय पूर्व डिप्टी रजिस्टार को शासकीय समय पर सिहोरा में प्राइवेट प्रेक्टिस करते हुए पकड़ा गया था जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी हुआ था। साथ ही आऊट सोर्स और नियमित कर्मचारियों ने शिकायत की थी कि डिप्टी रजिस्टार गलत व्यवहार करते हैं महिलाओं के साथ अभद्रता करते है। इसके साथ ही काम में लापरवाही करना और शासन के नियमानुसार सुपर स्पेशलिटी में पदस्थ होने के कारण कहीं और सेवाएं नहीं दिए जाने के कारण उन्हें विवि से हटाया गया था।

### एक निरीक्षण को लेकर सुर्खियां बटोर चुकें डिप्टी रजिस्टार

कुछ माह पूर्व डिप्टी रजिस्टार द्वारा अपने कुछ महिला मित्रों के साथ मुरैना जिले के नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया था उस वक्त साहब ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। दरअसल डिप्टी रजिस्टार को विवि से हटा दिया गया था बाबजूद वह अपने महिला मित्र के साथ निरीक्षण करने पहुंच गए थे जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी हुआ था।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
→तिली चिक्की →तिली लड्डू →तिली रेवड़ी →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट नमकीन →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →बिस्केट →फुल्की →गजक →सिंधी पापड़ →चने
Pure & Tasty AK'S Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

साईं हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साईं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्टी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX cozi | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

## प्रथम पुण्यतिथि

शत् शत् नमन

मैं अगर बिछड़ भी जाऊँ, कभी
मेरा ग़म न करना मेरा प्यार
याद करके, कभी आँख नम न
करना तू जो मुड़के देख लेगा,
मेरा साया साथ होगा ...



स्व. श्री नर्मदा प्रसाद गौतम

शोकाकुल- समस्त गौतम परिवार

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
Life Care ICU
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)